राजस्थान विधान सभा

सत्रहवीं बैठक, दिनाङ्क १६ मार्च, १९५३

सदन का कार्य प्रातः ८ बजकर ७ मिनट पर प्रारम्भ हुआ

(श्री नरोत्तमलाल जोशी, अध्यक्ष, पदासीन)

तारांकित प्रश्नोत्तर

प्रश्न संख्या ५१६ तथा ५१७

श्री अध्यक्ष—Questions. Question No. 516, Shri Bhairon Singh.

श्री जयनारायण व्यास—This question may be taken later on. The Industries Minister is not present at the moment. I do not know what has happened to him.

श्री अध्यक्ष—Question No. 517, Shri Chhitar Lal Sharma.

(विधि मन्त्री अनुपस्थित)

The same case. Question No. 518. Shri Bhairon Singh.

प्रश्न संख्या ५१८

श्री भैरूं सिंह (डि० नं० १२)—क्या शिक्षा मन्त्री यह बतलाने की कृपा करेंगे:—

(अ) क्या सरकार को मालूम है, कि महाराजाज हाई स्कूल, जयपुर में अफीम, गांजा व सुल्फे का सरकारी गोदाम है ?

(ब) शिक्षणालय में इस तरह की नशीली चीजों का गोदाम रखने से विद्यार्थियों के जीवन पर बुरा असर पड़ने के कारण क्या उक्त हाई स्कूल के शिक्षकगण ने इस गोदाम को तुरन्त हटाने की मांग की है ?

(स) यदि हां, तो सरकार ने क्या कार्यवाही की और क्या सरकार इस गोदाम को वहां रखना उचित समझती है ?

श्री नाथूराम मिर्धा—हां, ऐसा गोदाम है ।

(ब) इस गोदाम को उठाने के लिये कमिश्नर कस्टम्स व एक्साइज को हिदायत कर दी गई है और यह जल्द उठा लिया जायगा ।

(स) इसका उत्तर (ब) के उत्तर में आ गया ।

श्री जवानसिंह—यह हिदायत कब दी गई, क्या सरकार बताने की कृपा करेगी ?

श्री नाथूराम मिर्धा--इस हिदायत को दिये एक महीना करीब हो गया है ।

श्री मोहब्बतसिंह--क्या गोदाम उठा दिया गया या नहीं ?

श्री नाथूराम मिर्धा--गोदाम उठा दिया जायेगा ।

श्री कंवरलाल जेलिया--यह गोदाम कब तक उठा दिया जायेगा ?

श्री नाथूराम मिर्धा--जल्दी ही उठा दिया जायेगा ।

श्री कंवरलाल जेलिया--"जल्दी" का मतलब कब तक उठा लेने की उम्मीद करें ?

श्री भैरूंसिंह (दांता रामगढ)--मिनिस्टर ने जब गोदाम को एक महीने पहले हटाने की हिदायत कर दी तो अभी तक नहीं उठाना मिनिस्टर के हुक्म की अवहेलना नहीं है क्या ?

श्री अध्यक्ष--नेक्स्ट ।

प्रश्न संख्या ५११

श्री प्रतापसिंह (डिविजन नम्बर ११७)--क्या शिक्षा मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:--

(अ) क्या यह सच है कि बीदासर गर्ल्स स्कूल के मकान में स्थान की तंगी से एवं लड़कियों की अधिक संख्या के कारण, उन्हें तथा अध्यापिकाओं को धूप व वर्षा में बैठना पड़ा है ?

(आ) अगर यह सच है तो सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

(इ) क्या मकान मालिक गरीब होने के कारण और किराया न मिलने से मरम्मत नहीं करा सकता है और सांप-बिच्छुओं का बोलबाला है, यहां तक कि मकान गिरकर चोट लग जाने का भी भय है; इसलिये क्या सरकार शीघ्रातिशीघ्र उचित प्रबन्ध करेगी ?

श्री नाथूराम मिर्धा--(अ) स्थान की कमी का प्रश्न एक आम प्रश्न है और ग्रामों की अधिकांश पाठशालाओं में वास्तव में यह कमी महसूस की जा रही है ।

(आ) कन्या पाठशाला के लिये दूसरा मकान इस ग्राम में उपलब्ध नहीं है । यदि कोई सज्जन अन्य मकान दिलवादें तो यह विभाग उसे उचित किराये पर ले सकता है ।

(इ) मकान मालिक से इस मकान का कोई किराया तय होना रेकर्ड से नहीं पाया जाता। मालिक मकान द्वारा कियरायानामा प्राप्त होने पर किराया शीघ्र चुका दिया जावेगा ।

एक सदस्य--क्या माननीय मन्त्री महोदय ने कभी इस कन्या पाठशाला का निरीक्षण किया है ?

श्री नाथूराम मिर्धा--नहीं ।

श्री मोहब्बतसिंह--क्या सरकार दूसरा मकान मिले तो उसका किराया देने को तैयार है?

श्री नाथूराम मिर्धा—इसका उत्तर मैं दे चुका हूं ।

श्री प्रतापसिंह—क्या सरकार द्वारा मालिक मकान को किरायानामा बतलाने पर किराया शीघ्र चुका दिया जायगा ?

श्री नाथूराम मिर्धा—बड़ी खुशी से ।

श्री गुरुदयालसिंह—अगर किराया फॉर्म नहीं निकले तो क्या मकान मालिक को नुकसान उठाना पड़ेगा ?

श्री प्रतापसिंह—क्या सरकार को मालूम है कि स्कूल का मकान तबदील कर लिया गया है ?

श्री नाथूराम मिर्धा—यह तो आप मुझे इनफॉर्मेशन देते हैं ।

श्री प्रतापसिंह—मेरे पूछने का मतलब यह है कि क्या सरकार को मालूम है कि मकान तबदील कर दिया गया है ?

श्री नाथूराम मिर्धा—मुझे इस बात का पता नहीं ।

श्री दलीपसिंह—पहले स्कूल के मेहतर को तनख्वाह नहीं मिली थी । क्या अभी तक उस मेहतर को तनख्वाह नहीं मिली जो बीदासर स्कूल में काम करता है ?

श्री नाथूराम मिर्धा— यह एक दूसरा प्रश्न है ।

श्री हिम्मतसिंह—कितने वर्षों से यह गर्ल्स स्कूल जारी है ?

श्री नाथूराम मिर्धा—इसका ठीक समय तो मैं इस समय नहीं बता सकता, मालूम करके ही बता सकता हूं ।

श्री प्रतापसिंह—क्या यह बात सच है कि स्कूल की बिल्डिंग बनाने के लिये आज से १० साल पहले मन्जूरी हुई है ?

श्री नाथूराम मिर्धा—१० साल पहले अगर मन्जूरी हुई भी थी तो वह अब कोई माने नहीं रखती ।

श्री कानसिंह—अगर स्कूल की बिल्डिंग बनाने के लिये सरकार के पास पैसे नहीं थे तो बीदासर कस्बा जो कि एक बहुत बड़ा और मालदार कस्बा है वहां से लोन्स लेकर, रुपये उधार लेकर स्कूल की बिल्डिंग क्यों नहीं बनाई जाती ?

श्री नाथूराम मिर्धा—नहीं, लोन्स लेकर स्कूल बनाने की सरकार की नीति नहीं है ।

श्री एच. के. व्यास—क्या माननीय मन्त्रीजी यह बतलाने की कृपा करेंगे कि कितने साल पहले की हुई मन्जूरी लेप्स नहीं होती ?

श्री नाथूराम मिर्धा—यह तो मेरे माननीय मित्र जानते हैं कि जो मन्जूरी करेंट इयर की है और उसको अगले साल में ले लिया जाय तो ठीक है वरना लेप्स हो जाती है।

श्री प्रतापसिंह—उस स्कूल की बिल्डिंग बनाने की मन्जूरी हुई या नहीं, यह मन्त्री महोदय को मालूम है या नहीं ?

श्री नाथूराम मिर्धा—मुझे पिछले १० साल का स्कूलों का इतिहास मालूम नहीं है।

प्रश्न संख्या ५२१

श्री छीतरलाल शर्मा—क्या न्याय मन्त्री यह बतलायेंगे:—

(१) बूंदी जिले में नेनवा के मुन्सिफ का स्थान चिरकाल से रिक्त होते हुए भी इसका अब तक प्रबन्ध सरकार क्यों नहीं कर रही है ?

(२) यदि प्रबन्ध करना चाहती है तो निश्चित समय बतलाया जावे।

(३) यदि नहीं करना चाहती है तो क्यों नहीं ?

श्री रामकिशोर व्यास—नेनवा जिला बूंदी में मुन्सिफ का न्यायालय अन्तिम रूप से उत्सादित नहीं किया गया है लेकिन हाई कोर्ट द्वारा आस्थगित रखा गया है, क्योंकि उस न्यायालय में मुकदमों की संख्या इतनी कम है कि एक अधिकारी को पूरे समय के लिये कार्यरत नहीं रखा जा सकता। तथापि वादपत्र इत्यादि ग्रहण करने के लिये तथा उक्त न्यायालय के अभिलेखों को समारक्षण में रखने के लिये वहां न्यूनतम आवश्यक कर्मचारी-वर्ग रखा गया है। तथापि मुकदमों की निराशा-जनक संख्या के कारण सरकार न्यायालय का पूर्ण उत्सादन करने के लिये हाई कोर्ट के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। इस विषय पर निर्णय शीघ्र ही प्रकाशित होगा।

प्रश्न संख्या ५२२

श्री छीतरलाल शर्मा—क्या उद्योग मन्त्री यह बतलायेंगे:—

(१) बूंदी जिले के गांव बड़ोदिया में कांच की रेत जो निकलती है उसको वहीं पर काम में लेकर जिले की उन्नति के लिये सरकार कोई कारखाना खोलने का विचार रखती है ?

(२) यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों नहीं ?

श्री रामकिशोर व्यास—सरकार कोई कांच का कारखाना खोलने का विचार नहीं रखती।

कांच के कारखाने राजस्थान में कई जगह हैं। सरकार के पास अपने निजी कांच के कारखाने खोलने के लिये पूंजी नहीं है। यह कोई ऐसा महत्वपूर्ण उद्योग नहीं है जिसको सरकार चलाये।

श्री छीतरलाल—क्या सरकार को मालूम है कि फॉमर बूंदी स्टेट में इस कारखाने को एक सेठ को दे दिया गया था ?

श्री रामकिशोर व्यास—हो सकता है दे दिया गया हो।

प्रश्न संख्या ४२३

(श्री मंगल सिंह कछवाहा (प्रश्न कर्ता) की अनुपस्थित में श्री संतोषसिंह ने कहा कि प्रश्न-कर्ता ने उन्हें यह प्रश्न पूछने की लिखित अनुमति प्रदान की है परन्तु वह लिखित अनुमति वे अपने साथ नहीं ला सके हैं। इस पर श्री अध्यक्ष ने श्री संतोषसिंह को श्री मंगलसिंह की ओर से यह प्रश्न पूछने की आज्ञा प्रदान की।)

श्री नाथूराम मिर्धा—माननीय अध्यक्ष, वे सदस्य जयपुर में ही तशरीफ नहीं लाये हैं।

श्री अध्यक्ष—आप जवाब दे दीजिये।

श्री संतोषसिंह (श्री मंगलसिंह की ओर से)—Will the Minister in-charge, Education kindly state:—

(*a*) Whether any theft was committed in Jodhpur at Inspector of Schools' office in the month of November, 1952. If so, of how much amount ?

(*b*) Is it a fact that Chaprasi taken into custody in the above connection contrived escape, and is at large now ?

(*c*) Why such a huge amount was kept in the Inspector's office, without a proper watch and ward ?

(*d*) Was the safe broken open ?

(*e*) What steps the Government have taken so far against those on account of whose negligence this incident happened ?

श्री नाथूराम मिर्धा—(*a*) Yes. A theft was committed in November, 1952, in the office of the Inspector of Schools, Jodhpur. It involved a sum of Rs. 7,898.

(*b*) The Accounts Chaprasi was taken into custody and was released on bail by the Police on the personal bond of the Chaprasi. The chowkidar was also handed over to the Police but he escaped later.

(*c*) This being a major Department, transactions in cash are carried on daily, and the amount of cash handled varies from time to time. The amount was large because the salaries of the staff and certain other amounts recently drawn were not disbursed in full. A chowkidar is provided to watch the office.

(*d*) The lock of the safe was removed and the cash was stolen.

(*e*) The case is still under investigation and until a final report is received, nothing can be said definitely in this respect. The theft is necessarily a result of the negligence.

श्री संतोषसिंह--क्या जो चौकीदार भाग गया है उसके भगाने में डिपार्टमेन्ट के आदमियों का कोई हाथ नहीं है ?

श्री नाथूराम मिर्धा--जी नहीं ।

श्री संतोषसिंह--पर वह पकड़ लिया गया था, तो फिर कैसे भाग गया ?

श्री नाथूराम मिर्धा--मैंने कहा था कि उसे पुलिस को डिपार्टमेन्ट की ओर से सौंप दिया गया था और पुलिस ने उसका पर्सनल बोंड भरा लिया था; फिर वह गायब हो गया ।

श्री संतोषसिंह--यह आठ हजार की रकम वहां तिजोरी में हमेशा रहा करती थी या उसी वार रखी गई थी ?

श्री नाथूराम मिर्धा--तनख्वाह बांटने के लिये यह रकम रखी गई थी । कुछ तनख्वाह बांट दी गई थी और कुछ तनख्वाह बांटनी बकाया थी ।

श्री मोहब्बतसिंह--यह पर्सनल बोंड क्यों लिया गया ?

श्री नाथूराम मिर्धा--यह मैं नहीं बता सकता ।

श्री खेतसिंह--किसकी नेग्लीजेंस से यह हुआ ?

श्री नाथूराम मिर्धा--यह मैं नहीं बता सकता ।

श्री जवानसिंह--क्या इतनी बड़ी रकम होने पर भी बैंक में जमा नहीं कराई जाती जब कि वहां एक ही चौकीदार रहता है ?

श्री नाथूराम मिर्धा--मैंने पहले अच्छी तरह से जवाब दिया है कि उस समय तनख्वाह देने का सवाल था, बहुत सी बंट चुकी थी और बहुत सी बंटनी वाकी थी ।

श्री जवानसिंह--जब इतनी बड़ी रकम थी तो पहरे का समुचित प्रबन्ध क्यों नहीं किया गया?

श्री नाथूराम मिर्धा--वहां कोई पुलिस का पहरा तो नहीं लगता, चौकीदार पहरे पर रहता है । वह पहरे पर था ही ।

श्री एच० के० व्यास--कौनसे रूल के माफिक ८०००) रुपये की बड़ी रकम की हिफाजत करने के लिये चौकीदार को पहरे पर लगाया गया ?

श्री अध्यक्ष--This is a separate question.

श्री एच. के. व्यास--No, Sir. The Hon'ble Minister replied that the Chowkidar was responsible for this negligence. Now I want to know under what rule the chowkidar has been asked for safe custody of this amount.

Page No.7

श्री अध्यक्ष—You are not here to ask for rules or law. You are here to seek information. He says that the Chowkidar was responsible for this negligence and due to that negligence the theft took place. But you are asking for rules of safe custody.

श्री एच. के. व्यास—No, Sir. I want information as to what rule applied in this case.

श्री अध्यक्ष—No. It is not relevant.

श्री जवानसिंह—क्या भविष्य में इतनी बड़ी रकम की रक्षा केलिये माननीय मंत्री जी माकूल इन्तजाम करेंगे?

श्री नाथूराम मिर्धा—इतनी बड़ी रकम वहां हमेशा नहीं रखी जाती। समय समय पर अमाउन्ट, ट्रेजरी सेफ है, इसलिये रखी जाती है। उसमें हमेशा बड़ी रकम न तो रखी जाती है और न रखी ही जायगी। यह तो ऐसा ही मौका था कि तनख्वाह बंट रही थी, कुछ बंट चुकी थी और कुछ बंटनी बाकी थी। हमेशा इतनी बड़ी रकम रखने का सवाल ही नहीं उठता।

श्री हरिकृष्ण व्यास—क्या आयन्दा तनख्वाह बांटने का प्रश्न नहीं आयेगा?

श्री नाथूराम मिर्धा—आयन्दा तनख्वाह का समय जरूर आयेगा, ज्यादा अमाउन्ट भी रह सकता है, चोरी भी हो सकती है; आयन्दा ऐसा नहीं होगा यह कैसे कहा जा सकता है।

श्री सन्तोषसिंह—क्या ऐसा कोई प्लान बनाया हुआ है कि आगे भी चोरियें हुआ करेंगी?

श्री नाथूराम मिर्धा—यह तो माननीय सदस्य ही कह सकते हैं।

श्री हरिकृष्ण व्यास—जोधपुर के अलावा क्या और कहीं भी चपरासी को इतनी बड़ी रकम की निगरानी की जिम्मेदारी दी जाती है?

श्री नाथूराम मिर्धा—चपरासी को कोई जिम्मेदारी नहीं दी जाती। माननीय सदस्य के समझ में फेर पड़ रहा है। चपरासी की जिम्मेदारी का कोई सवाल नहीं है। चौकीदार की निगरानी में रखी जाती है और उसे, जिस मकान में रखी जाती है, उसके चारों तरफ घूम कर हिफाजत रखनी चाहिये। पुलिस ने उस चौकीदार पर शक किया। डिपार्टमेन्ट ने तो यह कहा था कि उस समय चौकीदार वहां था इसलिये उससे पूछा जाय।

श्री कानसिंह—क्या फर्स्ट इन्फॉरमेशन रिपोर्ट चपरासी के नाम से दी गई थी?

श्री नाथूराम मिर्धा—डिपार्टमेन्ट की तरफ से रिपोर्ट की गई थी।

श्री अध्यक्ष—Was chowkidar named in the first information report?

श्री नाथूराम मिर्धा—हमने यह कभी नहीं कहा कि चौकीदार ने चोरी की।

श्री कानसिंह—कहीं इन्सपेक्टर साहब ने तो रुपये हजम नहीं कर लिये ?

श्री नाथूराम मिर्धा—इसका पता तो पुलिस लगायेगी।

श्री हरिकृष्ण व्यास—Who is responsible for this ?

श्री मोहब्बत सिंह—क्या वह चौकीदार किसी विशेष वर्ग का था ?

श्री नाथूराम मिर्धा—यह तो मैं नहीं बता सकता।

श्री सन्तोषसिंह—जैसा कि माननीय मन्त्रीजी ने कहा कि चौकीदार उक्त चोरी का जिम्मेदार है। यदि वह चौकीदार नहीं मिला तो ८ हजार की रकम किससे वसूल की जायगी ? चौकीदार भाग गया है ऐसी सूरत में क्या मन्त्रीजी बतायेंगे कि यदि वह चौकीदार नहीं मिला तो यह रकम किससे वसूल की जायगी ?

श्री नाथूराम मिर्धा—माननीय सदस्य को क्रिमिनल लॉ का ज्ञान होना चाहिये।

श्री मोतीलाल—क्या वह चौकीदार कम्युनिस्टों से सम्बन्धित था ?

श्री हरिकृष्ण व्यास—यह नहीं बतलाया कि सेफ कस्टडी के लिये कौन जिम्मेदार था ?

श्री अध्यक्ष—Who is responsible for safe custody of money ?

श्री नाथूराम मिर्धा—इन्सपेक्टोरेट में सबसे बड़ा अफसर इन्सपेक्टर होता है। जिम्मेदारी का क्या मतलब है ? सेफ कस्टडी की जिम्मेदारी डिपार्टमेन्ट के सारे आदमियों की, जो वहां मौजूद हैं, हो जाती है।

श्री हिम्मतसिंह—तनख्वाह की रकम चोरी चली गई थी, फिर उस माह की तनख्वाह कर्मचारियों को मिली या नहीं ?

श्री नाथूराम मिर्धा—अवश्य मिली।

श्री कानसिंह—इस मामले में तहकीकात किस ओहदे का अफसर कर रहा है ?

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट।

प्रश्न संख्या ५२४

श्री **अध्यक्ष**—श्री धर्मचन्द।

(अनुपस्थित—कृपया परिशिष्ट १ देखिये)

प्रश्न संख्या ५२५

श्री मोतीलाल चौधरी--क्या राजस्व मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:--

(१) इस वर्ष जोधपुर डिविजन में अकाल ग्रस्त इलाके की किन किन तहसीलों में कितने कितने रुपयों की आर्थिक सहायता देकर रिलीफ कार्य शुरू किया गया है ?

(२) नागौर जिले में अकाल सहायता कार्य कब से शुरू किया गया और कितनी रकम खर्च के लिये ग्रान्ट की गई तथा कहाँ कहाँ कितना कितना खर्च अब तक हुआ है, तहसील वाइज़ बतलाने की कृपा करें ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया--तहसील वाइज़ रकम का बंटवारा किया गया, पर तहसील वाइज़ फिगर्स उपलब्ध न होने से जिलेवार सूचना पेश करता हूं:--

जोधपुर जिला--रिलीफ वर्क १,१६,७००), ग्रेचुटस रिलीफ २,०००), वाटर सप्लाई १०,०००), तकावी १०,०००);

बाड़मेर जिला--रिलीफ वर्क ४४ हजार, ग्रेचुटस रिलीफ १ हजार, वाटर सप्लाई २ हजार रुपये और तकावी ५ हजार रुपये ।

जैसलमेर जिला--रिलीफ वर्क २३ हजार ८०० रुपये ।

नागौर जिला--रिलीफ वर्क ६० हजार रुपया, ग्रेचुटस रिलीफ १ हजार रुपया, वाटर रिलीफ १५ हजार रुपया और तकावी १० हजार रुपया।

कमिश्नर के पास रिज़र्व में--रिलीफ वर्क ६ हजार, ग्रेचुटस रिलीफ १० हजार रुपया, वाटर वर्क्स १५ हजार रुपया, तकावी रिज़र्व २० हजार रुपया; इस प्रकार कुल ३,५१,५०० रुपया अकाल सहायतार्थ हुआ। नागौर जिले में ८६ हजार रुपया सेंक्शन किया गया है । इसमें से ४४ हजार रुपया नागौर और डीडवाना तहसील में खर्च किया जा चुका है । रिलीफ वर्क सन् १९५३ की जनवरी से शुरू किया गया है ।

श्री मोतीलाल--नवम्बर में ३० हजार रुपये जोधपुर डिविजन के लिये ग्रान्ट हुए थे क्या वे काम में नहीं आये ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया--काम जनवरी सन् १९५३ से शुरू किया गया है ।

श्री खेतसिंह--क्या मंत्रीजी इस रिलीफ सेंक्शन को नाकाफी समझ कर और इमदाद देंगे ।

श्री मोहनलाल सुखाड़िया--और इमदाद दी जा रही है। इसकी सूचना और तरीके से आपको ज्ञात हो चुकी है ।

श्री हरिकृष्ण व्यास--क्या आपके ध्यान में यह बात है कि जनवरी ५३ तो अलग रहा, अब तक वहां पर रिलीफ काम चालू भी नहीं हुआ है ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया--यदि काम चालू नहीं हुआ है तो ४४ हजार रुपया खर्च कैसे होता।

श्री हनवंतसिंह--२३८००) रुपये जैसलमेर के लिये दिये गये, यह आपने फरमाया था; क्या यह सच्ची बात है ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया--बिल्कुल सच्ची बात है।

श्री संतोषसिंह--क्या मंत्री जी को मालूम है कि बिलाड़ा तहसील में टिड्डियों ने नुकसान किया है इसलिये वहां अकाल पड़ा है; तो क्या वहां भी कुछ रिलीफ के लिये दिया गया है ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया--अभी तक यह पता नहीं कि टिड्डियों के नुकसान से अकाल पड़ा है या नही।

श्री मोतीलाल--४४ हजार रुपये नागौर तहसील में ही खर्च हुए हैं या डीड़वाना तहसील में भी इसमें से कुछ खर्च किया गया है ?

श्री मोहलाल सुखाड़िया--तहसील वाइज आंकड़े तो प्राप्त नहीं कर सका पर यह काम नागौर जिले की दोनों ही तहसीलों में खर्च हुआ है।

श्री मोतीलाल--नागौर तहसील में काम हुआ है, डीडवाना तहसील में नहीं हुआ है ?

श्री मोहनलाल सुखाडिया--दोनों ही तहसीलों में काम हो रहा है। छोटी खाटू से बड़ी खाटू, छोटी खाटू से तनसार, लाडनू से नींबी, जोधां, नागौर से बासनी की सड़कों का काम चल रहा है।

श्री भैरूंसिंह--क्या शेरगढ़ में रिलीफ वर्क के लिये चिलम भरने का कारखाना चालू किया गया है।

श्री अध्यक्ष--नेक्स्ट।

प्रश्न संख्या ५६६

श्री छीतरलाल--क्या उद्योग मंत्री यह बतलायेंगे कि:--

बूंदी जिले में लोहा पर्याप्त मात्रा में होते हुए भी सरकार उसके उपयोग के लिए कोई कारखाना नहीं खुलवा रही है, उसका क्या कारण है ?

श्री रामकिशोर व्यास--बूंदी जिले में सरकार कोई लोहे का कारखाना नहीं खोल रही है इसका कारण यह है कि न तो वहां उत्तम लोहे की खनिज पर्याप्त मात्रा में मिलती है, न कोई कोयला ही मिल सकता है। बिना पर्याप्त लोहे और कोयले की खनिजों के लोहे का कारखाना खोलना असम्भव है।

प्रश्न संख्या ४२७

श्री भैरूं सिंह--क्या न्याय मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:--

(अ) सन् १९५०-५१, १९५१-५२, तथा १९५२-५३ में राजस्थान सरकार द्वारा सरकारी मुकदमात की पैरवी में किन किन मुकदमों में किन किन वकीलों को मुकर्रर किया गया था?

(ब) उन वकीलों में प्रत्येक को क्या क्या मेहनताना दिया गया ?

श्री रामकिशोर व्यास--सन् १९५०-५१, १९५१-५२ तथा १९५२-५३ में सरकार द्वारा जिन जिन मुकदमों में जिन जिन वकीलों को पैरवी के निमित्त नियुक्त किया गया तथा उनमें जो जो फीस दी गई उसकी तालिका सदन की मेज पर रख दी गई है। सन् १९५२-५३ अभी चालू है अतः इस मास में बहुत से मुकदमों में फीस दी जाने की कार्यवाही की जा रही है।

(तालिका बहुत लम्बी होने के कारण विधान सभा पुस्तकालय में सदस्यों के संगार्थ रख दी गई है)

(ब) इसका उत्तर उपरोक्त उत्तर में सम्मिलित है।

श्री हरिदेव जोशी--क्या इसकी सूचि ज्यादा लंबी है ?

श्री रामकिशोर व्यास--जी हां।

श्री हरिदेव जोशी--कितनी लम्बी है ?

श्री अध्यक्ष--The Question is whether an advance copy was given to the member concerned or not ?

श्री रामकिशोर व्यास--दी गई है। यदि हाउस सुनना चाहे तो मैं बता दूं।

श्री अध्यक्ष--आप बता दीजिए कि कितना नम्बर है ?

श्री रामकिशोर व्यास--Ten pages.

श्री अध्यक्ष--Not pages, but what is the number of cases ?

श्री राम किशोर व्यास (न्याय मंत्री)--साठ केसेज़ हैं।

श्री संतोषसिंह--क्या माननीय मंत्रीजी यह बतलाने की कृपा करेंगे कि सोजत के चूने के भट्टे का जो कोर्ट में केस चल रहा था उसका क्या हुआ ?

श्री अध्यक्ष--यह तो आप स्वयं ही लिस्ट से देख लीजिएगा। इस संबंध में आप दूसरा प्रश्न पूछ सकते हैं। इसका इससे संबंध नहीं मालूम होता।

श्री हरिकृष्ण व्यास--जब एडवोकेट जनरल मौजूद हैं तो इन केसेज में दूसरे वकीलों को क्यों मुकर्रर किया गया ?

श्री रामकिशोर व्यास (न्याय मंत्री)--क्रिमिनल केसेज़ में दूसरों को ही मुकर्रर किया जाता है।

श्री हरिकृष्ण व्यास--तो क्या यह समझा जाय कि सरकार के वकील क्रिमिनल केसेज़ में अज्ञान रखते हैं।

श्री रामकिशोर व्यास (न्याय मंत्री)--उनके टर्म्स ऑफ अपोइन्टमेन्ट में ऐसी ही व्यवस्था है।

श्री संतोषसिंह--सोजत का केस क्रिमिनल है या सिविल ?

श्री रामकिशोर व्यास (न्याय मंत्री)--आप खुद देख लीजिएगा।

श्री संतोषसिंह--मुझे नहीं मालूम हुआ है इसीलिए तो मैंने पूछा है।

श्री रामकिशोर व्यास (न्याय मंत्री)--मुझे तो इस सबंध में जानकारी नहीं है। अगर आप इस संबंध में अलग से सवाल पूछें तो मैं जानकारी प्राप्त करके आपको बता सकता हूं।

श्री संतोषसिंह--अगर इस लिस्ट में दिया गया है तो इसमें ही बता दिया जाय।

श्री अध्यक्ष--Not relevant.

श्री मोतीराम--सन् ५२-५३ में वकीलों को मेहनताने की रकम कितनी दी गई ?

श्री रामकिशोर व्यास (न्याय मंत्री)--अभी यह मुकम्मिल नहीं है।

श्री हरिकृष्ण व्यास--क्या रिट केसेज़ में भी वकील मुकर्रर किए जाते हैं ?

श्री रामकिशोर व्यास (न्याय मंत्री)--जरूर किए जाते हैं।

श्री हरिकृष्ण व्यास--तो ऐसी क्या आवश्यकता पड़ती है कि सरकार के एडवोकेट जनरल को छोड़ कर दूसरे वकीलों को नियुक्त किया जाय ?

श्री रामकिशोर व्यास (न्याय मंत्री)--इस प्रश्न के साथ तो यह सवाल पैदा नहीं होता है।

श्री हरिकृष्ण व्यास--What was the need for appointing special lawyers when the Government has already personnel for the conduct of these cases ? That is the question.

श्री रामकिशोर व्यास (न्याय मंत्री)--मुकदमे की जैसी इम्पोर्टेन्स होती है उसी के माफिक वकील को नियुक्त किया जाता है।

श्री हरिकृष्ण व्यास--तो क्या यह समझा जाय कि वे अच्छे कानून के जानकार न होने पर भी उनको नौकर रख लिया जाता है ?

श्री रामकिशोर व्यास (न्याय मंत्री)--एक से एक अधिक जानकार होते हैं। नियुक्ति तो हाईयेस्ट मुकद्मे को देखकर ही की जाती है।

श्री हरिकृष्ण व्यास--क्या मौजूदा जो हैं वे इसकी जानकारी नहीं रखते हैं, गवर्नमेन्ट आफ इन्डिया से भी तो बुलाया जा सकता है। फिर दूसरे लोगों को मुकर्रर करने की क्या आवश्यकता पड़ती है ?

श्री रामकिशोर व्यास (न्याय मंत्री)--मैं आपको बता ही चुका हूं कि मुकद्मों की इम्पोर्टेंस के अनुसार ही आवश्यकता पड़ती है।

श्री हरिकृष्ण व्यास--मैं तो जानना चाहता था कि आवश्यकता क्यों पड़ती है ?

श्री अध्यक्ष--नेक्स्ट।

प्रश्न संख्या ५२८

श्री अध्यक्ष--श्री धर्मचन्द।

(अनुपस्थित कृपया परिशिष्ट १ देखिये)

प्रश्न संख्या ५२६

श्री भैरूं सिंह (डि० नं० १२)--क्या राजस्व मंत्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:---

(अ) नम्बरदारों को उनकी सेवाओं के बदले क्या सरकार उन्हें वेतन स्वरूप रकम आय के अनुपात से देती है ?

(आ) यदि हां, तो वह किस अनुपात से ?

(इ) यदि नहीं, तो फिर और किस आधार पर देती है ?

(ई) उदयपुर डिविजन की किन किन तहसीलों में कितने वर्षों की ऐसी रकम अभी तक नहीं मिली है ?

(उ) यह बकाया रकम कब तक चुकाई जाने की आशा ह ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया (राजस्व मंत्री)--(अ) वसूली के अनुपात से दी जाती है।

(आ) इसके विषय में हरएक युनिट्स के भिन्न भिन्न नियम हैं।

(इ) प्रश्न पैदा ही नहीं होता।

(ई) इस विषय में कमिश्नर उदयपुर से सूचना मंगाई गई है, आने पर बता सकता हूं।

(उ) सूचना आने पर शीघ्र ही इसकी कार्यवाही की जायगी।

श्री भैरू सिंह (केलवा)—मैं यह जानना चाहूंगा कि रकम कितने सालों से नम्बरदारों को नहीं दी गई ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया (राजस्व मंत्री)—नम्बरदारों को प्रोपोर्शन के हिसाब से मिल रही है।

श्री भैरू सिंह (केलवा)—मैंने पूछा था कि नम्बरदारों को रकम मिली है या नहीं ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया (राजस्व मंत्री)—मुझे सूचना मिली है कि बराबर मिल रही है।

श्री भैरू सिंह (केलवा)—मेरे पास यह सूचना है कि कई तहसीलों में अब तक नहीं मिली है ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया (राजस्व मंत्री)—शायद कुछ तहसीलों में नहीं मिली हो। पहले राशमी, कपासन के हल्कों में नहीं मिली थी किन्तु कुछ महीनों से उन सब तहसीलों में बराबर मिलती जा रही है।

श्री भैरू सिंह (केलवा)—चार साल तक नहीं मिलने का क्या कारण है ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया (राजस्व मंत्री)—हिसाबात का फैसला नहीं होने की वजह से नहीं मिली। अब सब रेग्युलराइज कर दिया गया है। ज्यों ज्यों हिसाबात तैयार होते जाते हैं त्यों त्यों रकम दिलादी जाती है।

श्री भैरू सिंह (केलवा)—एक ही तरह के नम्बरदार रहेंगे या अलग अलग तहसीलों में अलग अलग तरीके से।

श्री मोहनलाल सुखाड़िया (राजस्व मंत्री)—अलग अलग जगह के अलग अलग तरीके हैं, किन्तु नम्बरदारों को मुकर्रर करने का एक ही तरीका रहेगा।

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट।

प्रश्न संख्या ५३०

श्री श्यामलाल गोयल—क्या स्वास्थ्य मंत्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:—

(क) गंगापुर, जिला सवाई माधोपुर में अस्पताल में माइक्रोस्कोप है या नहीं ?

(ख) अगर नहीं, तो क्या जनता ने माइक्रोस्कोप के लिये रुपया इकट्ठा करके अस्पताल गंगापुर में दिया है ?

(ग) अगर हां, तो कितना ?

(घ) सरकार कब तक माइक्रोस्कोप वहां भिजवाएगी ?

(ङ) अगर नहीं, तो क्या उन्होंने जो रुपये दिए हैं उनको वापिस कर दिया जायगा ?

श्री रामकिशोर व्यास (स्वास्थ्य मंत्री)—(क) गंगापुर, जिला सवाई माधोपुर अस्पताल में माइक्रोस्कोप नहीं है क्योंकि यह एक डिस्पेन्सरी के सा रण इक्विपमेन्ट में शामिल नहीं है।

(ख) हां।

(ग) केवल ५८० रुपया।

(घ) माइक्रोस्कोप का मूल्य १६००) रुपयों के करीब है। न तो जनता ही स्वयं इस मूल्य के लिये चन्दा करने को प्रस्तुत है और न स्वास्थ्य विभाग के बजट से ही पूरा किया जा सकता है।

(ङ) विषय अभी विचाराधीन है और जो धन इस विभाग के पास आ गया है वह जयपुर बैंक, गंगापुर ब्रान्च, में सुरक्षित है। इस धन को पुनः लौटाने के लिये राज्य से स्वीकृति लेनी पड़ेगी जैसा कि 'घ' में वर्णन किया गया है और फिर वह लौटा दिया जायगा।

श्री संतोषसिंह—क्या बड़े शफाखाने में ही माइक्रोस्कोप रखने के लिये सरकार इसे बड़ा औजार समझती है ?

श्री रामकिशोर व्यास (स्वास्थ्य मंत्री)—बहुतसी बातें हैं।

श्री हरिकृष्ण व्यास—यह रुपया बैंक में रखा हुआ है या विभाग की तिजोरी में ?

श्री अध्यक्ष—ऑर्डर, नेक्स्ट।

श्री रामकिशोर व्यास (स्वास्थ्य मंत्री)—बैंक में रखा हुआ है।

प्रश्न संख्या ५३१

श्यामलाल गोयल—क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे:—

(१) तहसील नादोती, जिला सवाई माधोपुर में कोई अस्पताल है या नहीं ?

(२) अगर नहीं है तो खोलने का इरादा है या नहीं ?

(३) अगर हां, तो कब तक खोलने का इरादा है ?

मकिशोर व्यास (स्वास्थ्य मंत्री)—(१) नादोती, जिला सवाई माधोपुर में कोई

आर्थिक स्थिति विषम होने के कारण अभी अस्पताल खोलने की सम्भावना

श्री अध्यक्ष--नेक्स्ट ।

प्रश्न संख्या ५३२

श्री जगतसिंह--क्या शिक्षा मंत्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:--

(अ) चित्तौड़ जिले में कितने व कहां कहां हाई स्कूल, मिडिल स्कूल व प्राइमरी स्कूलें हैं ?

(ब) सरकार के पास प्राइमरी स्कूलें खोली जाने के लिए कितने व कहां कहां के प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए हैं ?

(स) सरकार ने उन पर क्या कार्यवाही की है ?

(ड) अगले वर्ष कितने और कहां कहां नये प्राइमरी स्कूल खोलने की सरकार की योजना है ?

श्री नाथूराम मिर्धा (शिक्षा मंत्री)--(अ) चित्तौड़ जिले के हाई स्कूल, मिडल स्कूल व प्राइमरी स्कूल की लिस्ट सदन की मेज पर रख दी गई है ।

(कृपया परिशिष्ट २ देखिये)

(अ) इसका विवरण नहीं दिया जा सकता क्योंकि इस प्रकार के प्रार्थना-पत्र राजस्थान के कोने कोने से प्रतिदिन प्राप्त होते रहते हैं और जो आवश्यक कार्यवाही के लिये सम्बन्धित अधिकारियों के पास भेज दिये जाते हैं। इन सबको मंगवाने में समय लगेगा ।

(स) आवश्यक कार्यवाही व जांच के लिये सम्बन्धित अधिकारी के पास भेज दिये गये ।

आगामी वर्ष का बजट प्राप्त होने पर तथा सरकार की आर्थिक परिस्थिति को दृष्टिकोण में रखते हुए इस विषय पर विचार किया जावेगा ।

श्री जगतसिंह--इस जिले में एक हाई स्कूल, एक मिडिल स्कूल है तो क्या इनको ही काफी समझा जाता है ?

श्री अध्यक्ष--नेक्स्ट ।

प्रश्न संख्या ५३३

श्री दलीपसिंह--Will the Minister Incharge, Famine Relief be pleased to state:—

(a) Are there no famine conditions in the followi[ng] Anida, Onkar, Ramaj, Kahiwali, Ranidugar in Vallabhnagar, Kurabar and Bhindar Tehsil

(b) If famine conditions do prevail, what relief wor[k] taken as yet and how much money has been spent ?

(अकाल सहायता मंत्री)

श्री मोहनलाल सुखाड़िया—(a) There are no famine conditions in these villages. Scarcity conditions have been reported to some extent in few scattered fences in these Sub-Tehsils.

(b) The following relief works have been taken in hand in these Sub-Tehsils:—

1.	Nakwa Jagat Adwa Road	Rs.	9,000/-
2.	Akheri Tank	Rs.	5,000/-
3.	Umarda Tank	Rs.	50,000/-
4.	Bhinder Paned Road	Rs.	3,000/-
5.	Bhinder Bharbhora Road	Rs.	2,000/-
6.	Modi Aninda Road	Rs.	5,000/-
7.	Khedi Devli Nakawala Tank	Rs.	5,000/-
8.	Kurabad Bharbhor Road	Rs.	4,000/-

श्री हिम्मतसिंह—जहां जहां रिलीफ वर्क्स खोले गए हैं तो क्या वहां वहां पहले टेस्ट वर्क्स खोले गये थे ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया (राजस्व मंत्री)—जी नहीं ।

श्री हिम्मतसिंह—तो क्या बगैर टेस्ट वर्क्स खोले रिलीफ वर्क्स खोल दिये जाते हैं ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया—जहां जहां जरूरत पड़ती है वहां वहां टेस्ट वर्क्स शुरू कर दिये जाते हैं किन्तु अकाल की जहां स्थिति होती है वहां तो शीघ्र ही रिलीफ वर्क्स खोले जाते हैं ताकि उनको शीघ्र राहत मिल सके ।

श्री दलीपसिंह—तो क्या मोडी वगैरह में काम शुरू हो गया है ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया—काम चालू हो गया है ।

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट ।

प्रश्न संख्या ५३४

श्री श्यामलाल—क्या स्वास्थ्य मन्त्री यह बतलाने की कृपा करेंगे:—

(१) पागलखाने जयपुर में कितने पागल हैं ?

(२) पिछले दो सालों में कितने पागल दाखिल हुए और कितने अच्छे हुए ?

(३) हर पागल के खाने का रोजाना क्या खर्च है ?

(४) इलाज के लिये दवाइयों की क्या व्यवस्था है ?

(५) पागलों का नियमित रूप से वजन लिया जाता है या नहीं ?

(६) अगर हां, तो उनका वजन घटता है या क्या ?

श्री **रामकिशोर व्यास (स्वास्थ्य मंत्री)**--(१) इस समय १६ पुरुष और १४ स्त्रियां हैं।

(२) सन् १९५१ में ६१ रोगी भर्ती हुए उनमें से २८ अच्छे हुए।

सन् १९५२ में ६१ रोगी भर्ती हुए व उनमें से ३१ अच्छे हुए।

(३) लगभग साढ़े छ: आना प्रतिदिन।

(४) साधारण शारीरिक रोगों की औषधियों की उचित व्यवस्था है। इस वर्ष से बिजली की विशेष व्यवस्था का साधन भी हो गया है। मानसिक रोगियों की साधारणत: दवा की आवश्यकता कम होती है।

(५) वजन लिया जाता है।

(६) जब तक राशन १२ औंस प्रतिदिन रहा वजन घटता रहा। परन्तु नवम्बर सन् १९५२ से १६ औंस राशन होने के कारण कुछ बढ़ कर स्थायी सा हो गया है।

श्री **खेतसिंह**--क्या मन्त्री महोदय यह बतलाने की कृपा करेंगे कि दांता रामगढ़ और जमुआ रामगढ़ के कितने पागल आदमी इसमें हैं और कितनों को रिलीज कर दिया गया है?

(हंसी)

श्री **श्यामलाल गोयल**--वजन कब से बढ़ रहा है?

श्री **रामकिशोर व्यास**--जब से उनकी खुराक में वृद्धि की गई।

श्री **श्यामलाल गोयल**--मैं पूछता हूं ९ से १६ औंस कब से हो गया?

एक सदस्य--पागलों को चिलम भर कर पीने की भी सुविधा है या नहीं?

एक सदस्य--स्त्रियां ज्यादा पागल होती हैं?

श्री **खेतसिंह**--क्या माननीय मन्त्री जी ने उस पागलखाने का निरीक्षण किया है?

श्री **अध्यक्ष**--Yes, Mr. Goyal.

श्री **खेतसिंह**--मेरे प्रश्न का जवाब नहीं मिला मुझे, साहब।

श्री **अध्यक्ष**--आॅर्डर! आॅर्डर! नेक्स्ट।

प्रश्न संख्या ५३५

श्री **श्यामलाल गोयल**--क्या स्वास्थ्य मन्त्री यह बतलाने की कृपा करेंगे:--

(१) ग्राम नारोली, सब-डिविजन करौली में जो राजकीय औषधालय व डिस्पेन्सरी है उनमें रोजाना मरीजों की हाजरी का पिछले दो सालों में क्या औसत रहा है?

Page No.19

(२) क्या सरकार की दृष्टि में दोनों, औषधालय व डिस्पेन्सरी एक जगह होने जरूरी हैं ?

(३) क्या यह सरकार के विचाराधीन है कि डिस्पेन्सरी वहां से हटा कर दूसरी जगह खोल दी जावे ?

श्री रामकिशोर व्यास--(१) ग्राम नाराणा के औषधालय एवं डिस्पेन्सरी की रोजाना मरीजों की हाजरी क्रमशः ८ एवं २३ सन् १९५१ में, २८ सन् १९५२ में रही है ।

(२) मरीजों की इस, औसतन हाजरी को देखते हुए उस स्थान पर एलोपेथिक एवं आयुर्वेदिक दोनों चिकित्सालयों को रखना उचित नहीं है ।

(३) यह प्रश्न विचाराधीन है ।

श्री श्यामलाल गोयल--क्या इनमें से एक को हटाने का सरकार का इरादा है ?

श्री रामकिशोर व्यास--हां ।

श्री श्यामलाल गोयल--कब तक ?

श्री रामकिशोर व्यास--जितना जल्दी सम्भव हो ।

श्री अध्यक्ष--नेक्स्ट । श्री तेजपाल ।

(प्रश्न कर्ता अनुपस्थित--कृपया परिशिष्ट १ देखिये)

श्री अध्यक्ष--नेक्स्ट । श्री दलीपसिंह ।

प्रश्न संख्या ५३७

श्री दलीपसिंह--Will the Minister Incharge, Famine Relief Department be pleased to state:—

(*a*) How many cheap grain shpos have been opened by the Government in the famine affected area in Vallabhnagar Tehsil.

(*b*) How many petitions from the villagers have been received by the Government to open relief work in the said Tehsil ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया--Three cheap grain shops have been opened by the Government in Vallabhnagar Tehsil....

(*b*) No application for opening relief works in Tehsil Vallabhnagar is pending in the Collectorate at Udaipur.

श्री दलीपसिंह—वल्लभ नगर में आपने चीप ग्रेन शोप्स बताई, वह डेफिसिट एरिया से कितनी दूर है ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया—यह आपको और मुझे दोनों को मालूम है कि वहां से कानोड और भींडर कितनी दूर हैं, जो कि दोनों ही अफेक्टेड एरिया हैं।

श्री दलीपसिंह—मेरा मतलब अडिंदा से है जहां भूख के मारे लोग गाय तक मार कर खा गये हैं। इसके लिये पुलिस की भी रिपोर्ट है। वह वहां जांच करने गई थी। वहां भी कोई चीप ग्रेन शोप खोली गई है या नहीं ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया—ऐसी सूचना इस सदन में ही दी जाती है। इससे पहले हमें कोई स सम्बन्धी सूचना न मिलती है, न होती है। गाय मार कर खा गये भूख के मारे; न इसका कोई आधार है न हमें सूचना ही मिली है और इस तरह की स्थिति भी मैं समझता हूं अडिंदा की नहीं है और अडिंदा की तरफ नाज रखने की जरूरत है इसकी अडिंदा वालों की तरफ से कभी भी मांग नहीं रखी गई।

श्री दलीपसिंह—क्या कमिश्नर, उदयपुर को इस बारे में पुलिस की कोई रिपोर्ट नहीं मिली और वहां से आपको कोई ऐसी सूचना नहीं मिली ?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया—नहीं मिली।

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट। श्री श्यामलाल गोयल।

प्रश्न संख्या ५३८

श्री श्यामलाल गोयल—क्या स्वास्थ्य मन्त्री यह बतलाने की कृपा करेंगे:—

(१) राजस्थान में किन किन गैर सरकारी औषधालयों को आर्थिक सहायता दी जा रही है और कितनी ?

(२) इस सहायता का आधार क्या है ?

श्री रामकिशोर व्यास—इस प्रश्न के उत्तर में एक सूची तैयार है। आप इसे टेबुल पर देख सकेंगे। (कृपया परिशिष्ट ३ देखिये)

श्री अध्यक्ष—इस सहायता का आधार क्या है ?

श्री रामकिशोर व्यास—ग्राण्ट इन एड उन्हीं को दी जाती है जो गरीबों का मुफ्त इलाज करते हैं।

श्री चन्दनमल वैद्य—क्या ऐसी सहायता चूरू जिले में भी दी गई है ?

श्री रामकिशोर व्यास—पहले तो नहीं दी गई, पर अब देंगे।

Page No.21

प्रश्न संख्या ५३६

श्री त्रिवेणीश्याम शर्मा—Will the Minister for Health be pleased to answer:—

How many deaths are caused yearly in the districts for want of skilled Midwifery system? Has he tried to improve conditions? What has been done upto this time for districts; especially Dausa Sub-division.

श्री रामकिशोर व्यास—राजस्थान में कोई अनिवार्य जन्म व मृत्यु रजिस्ट्रेशन कानून नहीं है। जन्म व मृत्यु का रजिस्ट्रेशन स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग द्वारा किया जाता है। हमारे यहां के आंकड़ों से यह नहीं बताया जा सकता कि विभिन्न रूप से मृत्युएं उचित मिडवाइफरी ढंग से न होने के कारण होती हैं। इस ढंग को प्रोत्साहन देने के लिये स्थान स्थान पर सूति-गृह खोलने का आयोजन किया गया था एवं एक वर्षीय योजना में ऐसे २५ प्रसूति-गृह खोलने का प्रस्ताव रखा गया था किन्तु अर्थाभाव के कारण केवल चार ही प्रसूति-गृह खोले एवं वे भी अर्थाभाव के कारण बन्द करने पड़े।

दौसा उप-विभाग में भी एक प्रसूति-गृह खोलने की योजना थी, किन्तु अर्थाभाव के कारण इस योजना को स्थगित करना पड़ा।

प्रश्न संख्या ५४०

श्री अध्यक्ष—Next, Shri Tejpal.

(प्रश्न कर्ता अनुपस्थित—कृपया परिशिष्ट १ देखिय)

प्रश्न संख्या ५४१

श्री जगतसिंह—क्या राजस्व मन्त्री यह बतलाने की कृपा करेंगे:—

(अ) बड़ी सादड़ी तहसील में राजस्थान सरकार ने वसूली के अधिकार लिये जिसके बाद अब तक कुल माल हासिल कितना बकाया है?

(आ) क्या सरकार बकाया वसूली के लिये भविष्य में कोई उचित कार्यवाही करेगी?

श्री मोहनलाल सुखाड़िया—इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अभी प्राप्त नहीं हुई है, प्राप्त होने पर जानकारी दे सकेंगे।

भविष्य के लिये जहां पर भी रकम बकाया होगी उसकी वसूली के लिये सख्त कार्यवाही की जावेगी।

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट।

प्रश्न संख्या ५४२

श्री प्रतापसिंह—क्या व्यापार तथा व्यवसाय मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:—

(अ) क्या सरकार ने बीदासर की पत्थर की खान की मुकर्रर रॉयल्टी की रेट राज-पत्र में छपा कर पब्लिक को उजर करने का मौका दिया था ?

(आ) अगर सरकार ने रॉयल्टी की दरें राज-पत्र में प्रकाशित नहीं की तो क्या यह ठेका उस हालत में नाजायज नहीं है ?

(इ) रॉयल्टी की जो दरें अभी मुकर्रर की गई हैं वे किस आधार और किस तरीके से की गई हैं ?

(ई) क्या सरकार को विदित है कि बीदासर खान की रॉयल्टी की दरें आस-पास की खानों की दरों से बहुत ज्यादा हैं ?

(उ) क्या सरकार को विदित है कि उपरोक्त समस्या की वजह से बीदासर में बहुत भारी बेकारी फैली हुई है ?

(ऊ) क्या उपरोक्त बेकारी की समस्या के बारे में जनता की तरफ से उनके पास दरख्वास्तें आई हैं ?

(ए) अगर आई हैं, तो सरकार ने उस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की और अब तक समस्या हल हुई है या नहीं ?

(ऐ) अगर नहीं हुई है, तो कब तक हो जावेगी ?

श्री रामकिशोर व्यास—(अ) बीदासर पत्थर की खान की रॉयल्टी वसूल का ठेका एक वर्ष के लिए दिनांक ७-३-५२ को दिया गया जो राजस्थान राज-पत्र में प्रकाशित कराया गया और उसका प्रचार तमाम लोगों में भी कराया गया।

(आ) ठेका बाद प्रचार दिया गया है।

(इ) दरें जो कायम की गई हैं वे उस वक्त की मौजूदा स्थिति को निगाह में रखते हुए की गई हैं।

(ई, उ, ऊ, ए और ऐ) मजदूर वर्ग वगैरह की दरख्वास्तें इस विषय में प्राप्त हुई हैं जिन पर विचार किया जा रहा है और दरों में आइन्दा के ठेके के वक्त संशोधन किया जा सकेगा।

प्रश्न संख्या ५४३-५४७

श्री अध्यक्ष—नक्स्ट। श्री धर्मचन्द

(प्रश्नकर्त्ता अनुपस्थित)

श्री तेजपाल।

(प्रश्नकर्त्ता अनुपस्थित—कृपया परिशिष्ट १ देखिये)

श्री धर्मचन्द् ।

(प्रश्नकर्त्ता अनुपस्थित)

श्री धर्मचन्द् ।

(प्रश्नकर्त्ता अनुपस्थित)

श्री तेजपाल ।

(प्रश्नकर्त्ता अनुपस्थित–कृपया परिशिष्ट १ देखिये) ।

श्री जगतसिंह ।

प्रश्न संख्या ५४८

श्री गंगासिंह--Will the Law Minister be pleased to state:—

(*a*) How many officers were detected indulging in malpractices in the General Elections?

(*b*) In how many of such cases proper inquiries were held and with what results?

श्री रामकिशोर व्यास--इसका जवाब अभी तैयार नहीं हुआ है । कल पेश कर दूंगा ।

श्री अध्यक्ष--श्री धर्मचन्द ।

(प्रश्न कर्ता अनुपस्थित)

श्री तेजपाल ।

(प्रश्नकर्त्ता अनुपस्थित)

श्री जगतसिंह ।

प्रश्न संख्या ५५०

श्री जगतसिंह झाला--क्या शिक्षा मंत्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:–

(अ) क्या सरकार द्वारा चित्तौड जिले में भी प्रौढ़ एवं समाज शिक्षा विभाग खोला गया है ?

(आ) अगर (अ) का जवाब हां में है तो किन किन तहसीलों में कितनी कितनी रकम गत वर्ष इस कार्य के लिये दी जा चुकी है ?

(इ) इस विभाग द्वारा कौन कौन कर्मचारी किस किस तहसील में कार्य कर रहे हैं ?

(ई) उनके क्या क्या नाम हैं ?

श्री नाथूराम मिर्धा--(अ) हां, चित्तौड जिले में प्रौढ़ एवं समाज शिक्षा केन्द्र खुले हुए हैं ।

[श्री नाथूराम मिर्धा]

(आ) तहसील कपासन में एक समाज शिक्षा केन्द्र और तहसील बेगूं व प्रतापगढ़ में एक एक महिला प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र हैं। तहसील कपासन में समाज शिक्षा पर ९००) रुपये खर्च हुए तथा तहसील बेगूं में २९०) रुपये खर्च हुए हैं।

(इ) तहसील कपासन में एक समाज शिक्षा संयोजक नियुक्त है, और शेष दोनों तहसीलों में प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों पर स्थानीय अध्यापिकायें उप वेतन पर कार्य करती हैं।

(ई) संयोजक कपासन : श्री मनोहर लाल सोमानी

प्रौढ़ शिक्षा संचालिका बेगूं : शान्ति देवी

प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र संचालिका प्रतापगढ़ : शुगम देवी

श्री जगतसिंह--क्या इनके सिवाय भी और शिक्षा केन्द्र इस जिले में सरकार खोलने का इरादा कर रही है।

श्री नाथूराम मिर्धा--यह अगले साल की आर्थिक स्थिति पर निर्भर है।

प्रश्न संख्या ५५१

श्री मुक्तिलाल मोदी--क्या उद्योग मंत्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:-

(१) राजस्थान सरकार ने खादी व ग्रामोद्योग को प्रोत्साहन देने के लिये अब तक क्या क्या कार्य किया है ?

(२) अभी तक सरकारी विभागों में कितनी खादी खरीदी गई है ?

(३) क्या सरकार को पता है कि गांवों के उद्योग धन्धे सरकार के संरक्षण के अभाव में खत्म हो रहे हैं, जैसे तेल घानी, चमड़े का उद्योग ?

(४) उद्योग धंधों को बढ़ाने के लिये सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

श्री रामकिशोर व्यास--राजस्थान सरकार ने खादी संघ को रु० २,५०,०००) (ढाई लाख) रुपये की माली सहायता देकर खादी उत्पादन को बहुत बड़ा प्रोत्साहन दिया है। खादी की बिक्री बढ़ाने का यत्न किया जा रहा है और इस के आवागमन पर कस्टम ड्यूटी की छूट प्रदान की है। इसके अतिरिक्त प्रदर्शन करने वाली ऐसी पार्टियों का निर्माण किया गया है जो ग्रामीण बुनकरों को आधुनिक ढंग के करघे तथा नवीनतम डिजायन और पक्की रंगाई की, गांव गांव घूमकर, शिक्षा देती हैं।

२. अलग अलग सरकारी विभागों में खरीदी गई खादी के कुल आंकड़े तो उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि इसके लिये काफी समय चाहिये। अस्पताल, पुलिस और दूसरे विभाग अपनी चादरों, पट्टियों, साड़ियों, झाड़नों, वर्दियों आदि की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये जयपुर, जोधपुर, और बीकानेर में खुले हुए घरेलू उद्योग धंधों के क्रय-विक्रय केन्द्रों से सामान की बिक्री खरीदते हैं।

[श्री रामकिशोर व्यास]
इन संस्थाओं द्वारा पिछले ३ वर्ष में लगभग डेढ़ लाख रुपये के सामान की बिक्री स्थानीय केन्द्रों तथा प्रदर्शिनियों में जाकर हुई है।

३. ग्रामीण उद्योग-धंधों के संरक्षण के लिये सरकार हर संभव तरीके से प्रयत्नशील है; जैसे तेल की घानियों के संरक्षण के लिये विद्युत शक्ति से चलने वाली तेल की मिलों और तेल के कोल्हुओं के लिये नई स्वीकृति नहीं दी जा रही है। चमड़े के उद्योग को बढ़ावा देने के लिये हमारे विभाग में ट्रेनिंग मास्टरों द्वारा और गांवों के प्रदर्शन करने वाली पार्टियों द्वारा नवीन ढंग से चमड़ा तैयार करने आदि की शिक्षा दी जाती है। सरकार द्वारा जयपुर, जोधपुर और बीकानेर में खोले गये क्रय-विक्रय केन्द्रों का मुख्य ध्येय कुटीर उद्योग धंधों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन देना है।

श्री गुलाबचन्द कासलीवाल--क्या सरकारी कर्मचारियों को जो यूनीफॉर्म दी जाती है वह क्या खादी की तैयार होती है?

श्री रामकिशोर व्यास--जी नहीं।

श्री गुलाबचन्द कासलीवाल--क्या सरकार ने कोई ऐसा आदेश जारी किया है कि यूनीफॉर्म खादी की बनाई जाय?

श्री रामकिशोर व्यास--ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है।

श्री गुलाबचन्द कासलीवाल--क्या सरकार इस प्रकार के आदेश जारी करने के प्रश्न पर विचार करेगी?

श्री रामकिशोर व्यास--हां, सरकार विचार करेगी।

श्री भैंरूं सिंह--क्या यह सही है कि खादी को प्रोत्साहन देने वाले सरकार के मंत्रीगण खादी का प्रयोग नहीं करते हैं?

श्री रामकिशोर व्यास--मैं तो खादी का प्रयोग करता हूं।

श्री मुक्तिलाल--ढाई लाख रुपये की जो मदद दी गई है वह किस रूप में दी गई?

श्री रामकिशोर व्यास--वह लोन के रूप में दी गई है।

श्री मुक्तिलाल मोदी--इस पर क्या क्या ब्याज दिया जाता है और रुपया किन २ शर्तों पर वापिस लिया जाता है?

श्री रामकिशोर व्यास--किश्तें जो मुकर्रर हैं उनके अनुसार किश्तों में रुपया लिया जाता है।

श्री रामदयाल उपाध्याय--क्या किश्तों के मुताबिक रुपया वापिस मिल रहा है?

Page No.26

श्री रामकिशोर व्यास--हां, मिल रहा है ।

श्री मुक्तिलाल मोदी--जब सरकार रुपया वापिस लेती है तो जिस तरह दूसरे प्रान्त वाले मदद करते हैं क्या राजस्थान सरकार उस तरह की कोई मदद करने को तैयार नहीं है ?

श्री रामकिशोर व्यास--सरकार एक खादी एक्ट बनाने का प्रॉपोजल तैयार कर रही है ।

श्री भीमसिंह--क्या खादी की वर्दी मिल के कपड़े से महँगी नहीं पड़ेगी ?

श्री रामकिशोर व्यास--महँगी पड़ सकती है ।

श्री भीमसिंह--महँगी पड़ने के उपरान्त भी क्या सरकार खादी की युनिफोर्म बनाने का विचार रखती है ?

श्री रामकिशोर व्यास--विचार करने में कोई हर्ज नहीं है ।

श्री हिम्मतसिंह--विचार करने में फिजूल समय क्यों वेस्ट किया जाय ।

श्री अध्यक्ष--ऑर्डर !

प्रश्न संख्या ५५२

श्री जगतसिंह--क्या स्वास्थ्य मंत्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:--

(अ) जिला चित्तौड़ में किन किन तहसीलों में सरकारी हॉस्पिटल व आयुर्वेदिक औषधालय हैं ?

(आ) क्या सरकार केवल तहसीलों में ही हॉस्पिटल पर्याप्त समझती है ?

(इ) क्या तहसीलों के बड़े बड़े कस्बों व गांवों में भी खोलने का विचार है ?

(ई) अगर हां, तो कहां कहां व कब तक ?

श्री रामकिशोर व्यास--जिला चित्तौड़ में १८ हॉस्पिटल व डिस्पेन्सरियां हैं जो निम्नलिखित तहसीलों में हैं--

१. चित्तौड़गढ़
२. निम्बाहेड़ा
३. कपासन
४. राशमी
५. भदसर
६. डूंगला
७. बेगढ़

[श्री रामकिशोर व्यास]

८. छोटी सादड़ी

९. बड़ी सादड़ी

१०. लसाड़िया

११. बेगूं

१२. धमोतरा

इसके अतिरिक्त निम्नलिखित तहसीलों में आयुर्वेदिक औषधालय हैं:—

नाम तहसील	संख्या औषधालय
चित्तौड़	४
बेगूं	२
गंगरार	१
भैंसरोडगढ़	१
कुवाखेड़ा	१
बड़ी सादड़ी	१
अचनेरा	१
प्रतापगढ़	४
भक्सेर	१
कनेरा	१
	कुल १७ औषधालय हैं

(आ) ऐसा नहीं है।

(इ) बड़ी सादड़ी, बेगूं वगैरह तहसीलों के बड़े कस्बे में डिस्पेन्सरियाँ खोली हुई हैं परन्तु आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण और डिस्पेन्सरियां अन्य तहसीलों के बड़े कस्बों में नहीं खोली जा सकीं।

(ई) आर्थिक स्थिति ठीक होने पर डिस्पेन्सरियाँ बढ़ाना संभव होगा और उस समय ५००० या इससे ज्यादा जनसंख्या वाले ग्रामों में डिस्पेन्सरियां खोलने का प्रस्ताव सरकार के सम्मुख रखा जावेगा।

प्रश्न संख्या ५५३

श्री तनसिंह—क्या शिक्षा मन्त्री यह बतलाने की कृपा करेंगे:—

(१) जिला बाड़मेर में केराडू और जूना नामक स्थानों पर १२ वीं शताब्दी की कला व संस्कृति के प्रतीक कुछ मन्दिरों के भग्नावशेष हैं?

[श्री तनसिंह]

(२) क्या राजस्थान बनने के पहले जोधपुर पुरातत्व विभाग की ओर से वहां कोई चौकीदार उनकी सुरक्षा के हेतु रहता था और कुछ जीर्णोद्धार का कार्य भी हुआ था ?

(३) क्या अब भी सरकार उसे सुरक्षित रखने के लिये प्रयत्नशील है? नहीं, तो क्यों ?

श्री **नाथूराम मिर्धा**--हां। जिला बाड़मेर में केराडू और जूना नामक स्थानों पर १२ वीं तथा १३ वीं शताब्दी की कला व संस्कृति के प्रतीक के कुछ भग्नावशेष हैं। राजस्थान बनने से पहले जोधपुर के पुरातत्व विभाग की ओर से कोई चौकीदार उनकी सुरक्षा के लिये नहीं रहता था ; जिस समय जीर्णोद्धार का कार्य नहीं हुआ था। मरम्मत का काम आज से ढाई वर्ष पूर्व कूओं तथा मन्दिरों में हुआ था, तब से एक चौकीदार मकान की देखरेख के लिये रहता था। राजस्थान सरकार सभी स्मारकों की सुरक्षा के लिये प्रयत्नशील है परन्तु जो ज्यादा जीर्णावस्था में हैं उनको प्राथमिकता दी जा रही है। उनका नम्बर आने के बाद उनको भी सुरक्षित रखा जायगा।

श्री तनसिंह--क्या सरकार ने उन मन्दिरों की मरम्मत के बाद में किसी व्यक्ति को भेज कर जांच कराई है कि उनकी क्या हालत है ?

श्री नाथूराम मिर्धा--जांच से आपका क्या मतलब है ?

श्री तनसिंह--क्या मन्त्री महोदय यह बतलाने की कृपा करेंगे कि राजस्थान सरकार जब तक उनकी मरम्मत करवाने के लिये तैयार होगी तब तक क्या वे मन्दिर नष्ट नहीं हो जायेंगे ?

श्री नाथूराम मिर्धा--बात यह है कि यह कार्य अर्थ व्यवस्था पर निर्भर करता है। ज्यों ज्यों पैसा अवेलेबल होता जायगा, जो काम पहले करना होगा उसको पहले किया जायगा।

श्री तनसिंह--क्या यह समझा जाय कि राजस्थान निर्माण होने के बाद ज़िला बाड़मेर के अंदर किसी मन्दिर के जीर्णोद्धार के लिये पैसा नहीं दिया गया ?

श्री नाथूराम मिर्धा--आपने यह दूसरा सवाल किया है इसके लिये नोटिस चाहिये।

श्री देवीसिंह--इस वर्ष कितने पुराने स्मारकों की मरम्मत कर रहे है ?

श्री नाथूराम मिर्धा--यह तो बिल्कुल जुदा सवाल है।

श्री देवीसिंह--क्या मन्त्री महोदय यह बतलाने की कृपा करेंगे कि इसके लिये कितना व्यय किया गया है, कितनी तादाद में; संख्या बता दी जाय।

श्री नाथूराम मिर्धा--इसके लिये नोटिस की आवश्यकता है, बाद में बता सकता हूं।

प्रश्न संख्या ५५४

श्री गंगासिंह-- Will the Law Minister be pleased to state:—

(a) Why the S.D.M. and Extra Magistrate & Munsif Courts, Nagaur were shifted from the Nagaur Fort to the building of the Collectorate?

(b) Is it not a fact that a great inconvenience is caused to the public and the bar by keeping these courts at the Collectorate?

(c) Is it not a fact that these courts have not got sufficient accommodation in the Collectorate building where they have been located for the present?

(d) Is it a fact that there are no water arrangements and there is no shed for clients to sit at the place where the courts are at present situated?

(e) What arrangements for the shed and water, the Government is going to make there?

(f) Looking to the hardship caused to the public and bar by shifting these courts to the Collectorate building and also the problem of accommodation, shed and water arising out of it, is the Government prepared to shift these courts again to the Fort?

श्री रामकिशोर व्यास--(a) Nagaur Fort is the personal property of H.H. the Maharajah of Jodhpur. When the District Administration Scheme in Jodhpur was introduced in 1949, the Court of the District and Sessions Judge also existed at Nagaur and was accommodated in the present Collectorate building and there was no accommodation for the Collectorate building.........

श्री मानसिंह—अध्यक्ष महोदय, सुनाई नहीं देता।

श्री एच. के. व्यास—आवाज की खराबी नहीं, पान खा रखा है।

श्री रामकिशोर व्यास—आज पान नहीं खा रखा है। माइक्रोफोन डिफेक्टिव हो सकता है।

The offices of the Collector, Sub-Divisional Magistrate and the Extra Magistrate etc. were, therefore, accommodated in the Fort. This fort was given on lease for 10 years to locate these offices without doing any damage to the existing buildings and architecture. When the Court of the District and Sessions Judge was shifted to Merta, the office of the Collector was shifted from the Fort to the present building where the Sessions Court was located. The offices of the S.D.O. and Extra Magistrate remained very far. As a rule the Revenue Courts

[श्री रामकिशोर व्यास]

must be located at one place so that the Collector can have proper supervision over them and the Headquarter Sub-Divisional Officer be able to look after the work of the Collector, during his absence on tour. Besides, the premises occupied by these offices were required to be vacated after the period of lease was over, and again the question of new accommodation would have arisen. Taking all these factors into consideration, it was decided to shift the other Revenue Courts from the Fort to the present Collectorate building. Thereafter the court of the Munsiff was also shifted to the same building as the Bar Association had represented that all the Courts should be located in the same building as it was conducive to the convenience of the Bar as well as the litigant parties. The wishes of the Bar Association were met by the above arrangement.

(b) There is no inconvenience. It is rather more convenient to the public and the Bar to attend all the Courts at one place.

(c) At present there is just sufficient accommodation to meet their present requirements. The Bar has also been provided with a separate Bar room.

(d) There is no separate shed and the litigants sit in the verandahs outside the courts, under trees and in open space. There is no separate water Piao but water is supplied to the litigants by the waterman attached to each Court.

(e) Regarding shed and water arrangements, proposals are under consideration of the Government.

(f) This is not a question but a suggestion. It may, however, be stated that it is not intended to shift the Courts back to the Fort.

श्री गंगासिंह—तहसील फोर्ट और कलेक्टर कोर्ट में कितना फासला है ?

श्री रामकिशोर व्यास—यह तो मैं अर्ज नहीं कर सकता ।

श्री गंगासिंह—अगर इन दोनों के बीच फासला ज्यादा है तो कन्वीनियेन्स के हिसाब से क्या फोर्ट के अन्दर उन कोर्ट्स को लेजाने के लिये सरकार तैयार है ?

श्री रामकिशोर व्यास—वापिस कोर्ट के अन्दर ले जाने के लिये सरकार तयार नहीं है ।

श्री गंगासिंह—क्या कन्वीनियन्स को देखते हुए सरकार इन्क्वायरी करने के लिये तैयार है ?

श्री रामकिशोर व्यास—कोर्ट्स को एक जगह रखा जाना ज्यादा अच्छा है और ज्यादा से ज्यादा कोर्ट्स एक जगह रखी गई हैं ।

श्री गंगासिंह—जब तक एक जगह कोर्ट्स नहीं हो जायें तब तक कोर्ट्स के एकोमोडेशन के बारे में गवर्नमेन्ट कुछ करेगी ?

श्री **रामकिशोर व्यास**--मौजूदा जगह के लिये कोई खास शिकायत तो नहीं है।

श्री **गंगासिंह**--क्या यह सत्य है कि क्लर्क्स वगैरह वरान्डे में बैठते हैं ?

श्री **रामकिशोर व्यास**--हां, बैठ सकते हैं। वरान्डे में बैठना कोई गुनाह तो नहीं है।

श्री **गंगासिंह**--लेकिन वहां बरसात के लिये कोई बन्दोबस्त नहीं है।

श्री **रामकिशोर व्यास**--वरान्डे में तो हम और आप सभी बैठ सकते हैं।

श्री **गंगासिंह**--छाया के लिये टेन्ट्स कब तक बन जायेंगे ?

श्री **अध्यक्ष**--Next. Short Notice Question. Shri Hari Shanker Sidhant Shastri.

अल्पकाल-सूचना-प्रश्न

श्री **हरिशंकर सिद्धान्त शास्त्री**--क्या गृह मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:--

(१) क्या यह सत्य है कि जिला टोंक के एक एम. एल. ए. के मकान पर ता० ८-३-५३ को दिन के ११ बजे कुछ गुण्डों ने हमला कर दिया था और मारपीट भी की थी ?

(२) यदि हां, तो क्या इस हमले में राज्य के कुछ कॉन्स्टेबल भी शामिल थे ?

(३) यदि हां, तो सरकार ने उनके प्रति अब तक क्या एक्शन लिया ?

(४) यदि नहीं, तो क्यों ?

(५) क्या सरकार इस हमले की शीघ्रातिशीघ्र जांच करायेगी और अपराधियों को उचित दण्ड दिलाने का यत्न करेगी ?

श्री **टीकाराम पालीवाल (उप-मुख्य मंत्री)**--(१) लालूरामजी एम. एल. ए. के पिता श्री राम नारायण ने ८ मार्च, सन् १९५३, को एक रिपोर्ट थाना गूजर, उसकी मां, उसके बेटे और खेमा गूजर के खिलाफ पत्थर फेंकने और मकान पर हमला करने की। रामा, भोम काश और श्री लालूरामजी के चोट आई बतलाई गई थी।

(२) राज्य के कॉन्स्टेबिल का जिक्र इस रिपोर्ट में नहीं था।

(३) उत्पन्न नहीं होता।

(४) उत्पन्न नहीं होता।

(५) इस मामले की शीघ्र जांच कराने का प्रबन्ध कर दिया गया है।

Page No.32

श्री कँवरलाल जेलिया--क्या सरकार ने इसकी जांच करा ली ?

(हंसी)

श्री टीकाराम पालीवाल (उप-मुख्य मंत्री)--मैंने निवेदन किया कि जांच कराई जा रही है।

श्री कंवरलाल जेलिया--क्या हमला होने के दिन से अब तक जांच पूरी नहीं हुई ?

श्री कानसिंह--क्या मन्त्री महोदय बतलायेंगे कि एम. एल. ए. के लिये कोई खास प्रबन्ध है ?

श्री टीकाराम पालीवाल (उप-मुख्य मंत्री)--हाउस में उनकी रक्षा का पूरा प्रबन्ध है।

श्री कानसिंह--क्या साधारण नागरिकों के लिये प्रबन्ध होता है उतना ही या खास ?

श्री टीकाराम पालीवाल (उप-मुख्य मंत्री)--जी नहीं। जितना साधारण लोगों के लिये होता है उतना ही।

श्री रामदयाल--क्या गृह मन्त्री को मालूम है कि उन एम. एल. ए. साहब ने सिपाहियों के नाम की रिपोर्ट की थी कि फलां सिपाही उसमें शामिल थे ?

श्री टीकाराम पालीवाल (उप-मुख्य मंत्री)--मैंने निवेदन किया था कि इस मामले की फर्स्ट इन्फॉरमेशन रिपोर्ट जो लालूरामजी के पिता ने दर्ज कराई थी उस रिपोर्ट में कॉन्स्टेबल के होने का जिक्र नहीं था।

श्री रामदयाल--एक दूसरी रिपोर्ट उस सम्बन्ध में पेश की गई थी उसमें ऐसे सिपाहियों के बारे में रिपोर्ट है वह क्या आपके ध्यान में है ?

श्री टीकाराम पालीवाल (उप-मुख्य मंत्री)--फर्स्ट इनफॉर्मेशन के बाद इन्वेस्टिगेशन हो रहा है और उसमें जितने वाकेआत आयेंगे वह देखेंगे।

श्री गंगासिंह--इस जांच में क्या पाया गया ?

श्री भैरूंसिंह (दाँता रामगढ़)--यह हमला करने का कारण क्या मालूम हुआ ?

(श्री पालीवाल के अधिक देर तक जवाब नहीं देने पर)

साधारणतः कोई भी ग्रामीण इस बात को बता सकता है कि फावड़ा काम में ज्यादा आने से ही उसकी धार तेज होती है। फिर मैं यह नहीं समझता कि इस प्रकार तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर गलत तरीके से हाउस के सामने रखने से उनका क्या मतलब है? इसके अलावा अमेरिका से टेक्निकल एड का एग्रीमेंट की बात कह कर वे अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर चले गये। मैं यह समझता हूं कि उनका अधिकार क्षेत्र से बाहर जाना ठीक नहीं। यह एग्रीमेन्ट हिन्दुस्तान के हित के लिये गवर्नमेन्ट ऑफ इन्डिया ने किया है और वह भी बिना किसी कंडीशन के। मैं समझता हूं कि भारत सरकार और भारत की कोई भी प्रान्तीय सरकार इस बात को कभी पसन्द नहीं करती और न करेगी कि सार्वभौम सत्ता किसी दूसरे के हाथ में दे दी जाय। ऐसी चीज न तो हुई है और न होगी। माननीय सदस्य का इस प्रकार कहना एक कल्पना मात्र है।

श्री **खेतसिंह**—माननीय सदस्य चाहते हैं कि इस प्रकार का एग्रीमेन्ट मॉस्को से किया जाये तो अच्छा है।

श्री **एच. के. व्यास**—मैं चाहता हूं कि इस प्रकार का एग्रीमेन्ट किसी भी फारिन कन्ट्री से नहीं किया जाए।

श्री **टीकाराम पालीवाल**—इस पर दूसरा कट मोशन और है, मगर दोनों कट मोशन्स का करीब करीब उद्देश्य एक सा ही है। इनमें माननीय सदस्यों का यह कहना है कि जो क्षेत्र सरकार की तरफ से इस कार्य के लिये चुने गये हैं वे सही नहीं चुने गये हैं। उनमें काम अधिक नहीं होगा और जनता का फायदा भी नहीं होगा। मुझे, माननीय सदस्य के भाषण में से ऐसा लगता है कि उन्हें सरकार की इमानदारी पर कुछ भ्रम हो रहा है। लेकिन मैं कहूंगा कि वे इस योजना को समझने में कुछ गलती कर रहे हैं क्योंकि जहां तक मैं समझ सका हूं, दोनों माननीय सदस्यों के कहने का तथ्य यह है कि जो क्षेत्र चुने गये हैं उन क्षेत्रों में तो पहले से ही कुछ सुविधाएं मौजूद हैं। उनके ख्याल से ऐसे क्षेत्र चुने जाने चाहिये थे जहां सुविधाएं नहीं हैं; जैसे जैसलमेर, शिव, शेरगढ़ आदि जहां कि चारों तरफ रेगिस्तान ही रेगिस्तान है। मगर मैं यह कहूंगा कि यदि माननीय सदस्य एक आध······

श्री खेतसिंह—एक आध नहीं २५-२६ गांव ऐसे हैं जहां कार्य किया जा सकता है।

श्री टीकाराम पालीवाल—मैं समझता हूं कि इस संबंध में माननीय सदस्य को इस विषय पर जानकारी नहीं है। इस योजना का क्या स्वरूप है उसे मैं थोड़ा माननीय सदस्य की जानकारी के लिये बता दूं। इसके लिये ३०० गांवों का एक प्रोजेक्ट बनाया जाए और प्रोजेक्ट उस जगह रखा जावे जहां सब प्रकार की सुविधायें हों। जैसे यातायात की सुविधायें, सिंचाई की सुविधायें आदि, जिससे कार्य जल्दी और कम पैसे से हो सके और उसका परिणाम ज्यादा अच्छा निकले। इस दृष्टि से पूरी योजना में यह स्पष्ट बताया गया है कि ऐसे स्थान होने चाहियें जहां काफी आबादी हो। लेकिन आबादी ही मुख्य चीज नहीं है, जमीन भी उपजाऊ हो, यातायात के साधन भी हों, जहां सिंचाई के साधन उपलब्ध हों और नये साधन आसानी से उपलब्ध हो सकते हों। जहां यातायात के साधन ही नहीं होंगे वहां पर बहुत ज्यादा खर्च लगेगा। जहां यातायात के साधन पहले से हों, जहां सिंचाई आदि के साधन भी हों उन्हें ज्यादा आसानी से बढ़ाया जा सकता है। कहने का तात्पर्य यह है कि जहां निश्चित कार्य थोड़े खर्च में हो और उससे ज्यादा से ज्यादा फायदा निकले ऐसी जगह चुनी जावे। वैसे राजस्थान देखा जाए तो सेन्डी देश है जो बहुत लम्बी दूर तक सेन्डी है We can sink any amount of money in them. वर्षा हमारे यहां पूरी नहीं होती है। न हमारे पास इतना रुपया है कि खर्च किया जा सके। जो थोड़ा बहुत रुपया हमारे पास है उसे हमें ऐसी जगह खर्च करना चाहिये जहां खर्च करने से हमें अधिक से अधिक लाभ हो सके और आस पास के इलाकों को उससे प्रोत्साहन मिले। ऐसे मामलों में मेटिरियल गेन नहीं होता और न देखा जाता है; मगर ऐसे मामलों से लोगों के दिलों पर बहुत असर होता है और उन पर साइकोलोजिकल इफेक्ट होता है, साइकोलोजिकल गेन मिल सकता है। लोग यह समझते हैं कि सरकार हमें कुछ मदद दे रही है, हमें भी सरकार को कुछ मदद देनी चाहिये और मैं समझता हूं कि इसका इतना अच्छा परिणाम निकलेगा।

हमें इस योजना के दूसरे भाग को नहीं भूलना चाहिये। इस योजना के अनुसार तीन साल तक कार्य होगा और तीन वर्षों में जो उन्नति की जावेगी; जैसे होस्पिटल, स्कूलें रोड्स आदि बनाई जावेंगी उस हरएक काम के लिये इस वर्तमान योजना के अनुसार तीन साल तक के लिये खर्च लगेगा। तीन, साल के बाद ऐसा माना जाता है कि इन इलाकों में जो प्रवृतियां खड़ी की जावेंगी; जैसे स्कूलें, होस्पिटल्स डिस्पेन्सरीज, औषधालय और दूसरी चीजें; उन सबको उन इलाकों के लोग ही संभालेंगे। उनका सरकार पर कोई बोझा नहीं रहेगा और कम से कम बाहर से जो सहायता मिल रही है वह मिलती रहेगी। इसलिये निश्चित रूप से इस योजना के अनुसार क्षेत्र कायम करने का आधार सरकार का यह है कि वहां की जमीन कितनी उपजाऊ है, सिंचाई के साधन उपलब्ध हैं, यातायात के साधनों का उपयोग किया जा सकता है या नहीं? कहने का मतलब यह है कि जो साधन उपलब्ध हैं उनको काम में लेकर नये साधन थोड़े से थोड़े खर्च से ज्यादा से ज्यादा काम पूरा किया जाए। यह सारी योजना का सार है। मैंने जैसा वर्णन किया एक प्रोजेक्ट ३०० गांवों का होता है, जो ३ ब्लॉकों में विभक्त होना चाहिये। लेकिन राजस्थान में इस दृष्टि से कि भिन्न भिन्न भागों में यह काम शुरू किया जा सके हमने एक एक प्रोजेक्ट को कई ब्लॉकों में बांटा है ताकि काम जल्दी हो और जनता को लाभ हो।

[श्री टीकाराम पालीवाल]

खेद की बात है कि सब इलाकों में हम यह नहीं कर सकते थे और मुझे सहानुभूति है उन मित्रों से जिनके इलाकों में नहीं हुआ । मैं उनकी चिंताओं और भावनाओं को समझ सकता हूं। वे चाहते हैं कि उनके इलाकों में भी होना चाहिये, उनका यह चाहना कोई गलत चीज नहीं है । मैं उनसे यह आशा करता हूं कि इन चीजों को थोड़ी देर के लिये भुला दिया जायगा और आगे और उन्नति के प्लान्स आयें तब उनके यहां भी इस तरह के कार्य किये जायेंगे। यह बात भी नहीं है कि उन इलाकों में कुछ भी नहीं हो रहा है, कहीं न कहीं कुछ न कुछ हो ही रहा है, शेरगढ़ में भी कुछ काम हो रहा है और जगह भी कुछ काम हो रहा है।

इसलिये म हाउस से निवेदन करूंगा कि इस डिमांड को पास करें।

श्री **दिलीपसिंह**--क्या आयन्दा जहां इस तरह के कार्य शुरू किये जायेंगे उनके बाबत हाउस की राय ली जायगी ?

श्री **टीकाराम पालीवाल**--इस तरह के एडमिनिस्ट्रेटिव कार्य हैं उनकी जिम्मेदारी डिपार्टमेन्ट पर ही रहती है। इन मामलों के बारे में हाउस की राय लेने का कोई फल नहीं होगा क्योंकि वह राय सर्वसम्मति से तो होती नहीं, व्यर्थ का वाद-विवाद बढ़ेगा । ये सब एग्जिक्युटिव बातें हैं जो एडमिनिस्ट्रेशन पर ही छोड़ी जाती हैं, सारा काम हाउस नहीं करता।

श्री **दिलीपसिंह**--आप किसी भी आधार पर सेन्टर कायम कर दीजिए ।

श्री **चेयरमेन** (डॉ० मंगलसिंह)--यह सब बातें क्वेश्चन आवर में पूछने की ह। अब यह जो डिमाण्ड है उसके बारे में पहला कटौती का प्रस्ताव श्री एच. के. व्यास का है कि १०० रुपये इस डिमान्ड म कम कर दिये जायें जो इसके पक्ष में हों......

श्री **टीकाराम पालीवाल**--I awaited for some time but because they are keeping silence I think they are not withdrawing. If they are, I can still give them chance to do so.

श्री **चेयरमेन** (डॉ० मंगलसिंह)--If they are not coming up.

श्री **खेतसिंह**--"दे आर" से क्या मतलब है पहला प्रस्ताव श्री एच. के. व्यास का है; "ही" कहिये।

श्री **एच. के. व्यास**--मैं अपने कट मोशन को विदड्रा करने की आज्ञा चाहता हूं ।

श्री **चेयरमेन** (डॉ० मंगलसिंह)--प्रश्न यह है कि श्री एच के व्यास को अपना प्रस्ताव विदड्रा करने की आज्ञा दी जावे ?

(स्वीकृत)

श्री एच. के. व्यास—मैं अपना कटौती प्रस्ताव वापिस लेता हूं।

श्री सन्तोषसिंह—मैं भी अपना कट मोशन वापिस लेने की हाउस से इजाजत चाहता हूं।

श्री चेयरमेन (डा. मंगलसिंह)—प्रश्न यह है कि श्री संतोषसिंह को अपना कटौती प्रस्ताव वापिस लेने की आज्ञा दी जावे।

(स्वीकृत)

आज्ञा प्रदान हुई।

श्री सन्तोषसिंह—मैं अपना कटौती प्रस्ताव वापिस लेता हूं।

श्री खेतसिंह—मैं अपना कट मोशन वापिस लेने की हाउस से अनुमति चाहता हूं।

श्री चेयरमेन (डा. मंगलसिंह)—प्रश्न यह है कि श्री खेतसिंह को अपना कटौती प्रस्ताव वापिस लेने की आज्ञा दी जावे।

(स्वीकृत)

आज्ञा प्रदान हुई।

श्री खेतसिंह—मैं अपना कटौती प्रस्ताव वापिस लेता हूं।

श्री चेयरमेन—Now the Question is "that the supplementary sum not exceeding Rs. 13,04,000/- be granted to H. H. the Rajpramukh to defray the charges which will come in Course of payment during the year ending the 31st day of March, 1953, in respect of grant No. LX, Major Head 63—B-Community Development Projects."

(स्वीकृत)

यह मांग मंजूर हुई। नेक्स्ट। श्री मोहनलाल सुखाड़िया।

श्री नाथूराम मिर्धा—माननीय राजस्व मंत्रीजी जरूरी काम होने से दौरे में चले गये हैं इसलिये यह डिमान्ड उनकी ओर से मैं प्रस्तुत करता हूं।

आ—अनुदान संख्या ५३ (कृषि)

40—*Agriculture.*

"That a supplementary sum not exceeding Rs. 5,94,000/- be granted to H. H. the Rajpramukh to defray the charges which will come in couse of payment during the year ending the 31st day of March, 1953, in respect of Grant No. LIII, Major Head 40—Agriculture."

श्री चेयरमेन (डा. मंगलसिंह)—प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ। श्री एच. के. व्यास।

श्री एच॰ के॰ व्यास—Sir, I move that the demand for supplementary Grant of a sum not exceeding Rs. 5,94,000/- in respect of 40—Agriculture be reduced by Rs. 100/- (to discuss the ineffective administration of these Departments)."

माननीय चेयरमेन, आज से कुछ महीने पहले जब एक बार सप्लीमेन्टरी ग्रान्ट मंजूर कराने का मौका आया था तकावी के बारे में, तब हमने और खास कर मैंने कट मोशन द्वारा तकावी के सिलसिले म देने-लेने में जो भ्रष्टाचार फैला हुआ है, उसकी ओर मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने बताया था कि सब के सब पैसे दिये जाते हैं वह रेवेन्यु की तरफ से नहीं, कुछ मशीनें खरीदने के लिये एग्रीकल्चरल महकमें की तरफ से भी दिये जाते हैं, और इस तरह उन्होंने उस समय उस प्रश्न का उत्तर टाल दिया। उस समय मैंने जो मिसालें और नाम पेश किये उस पर कुछ भी कार्यवाही हो जाती है और इस संबंध में थोडा सा भी सुधार का अंश नजर आता तो यह कट मोशन पेश करने की नौबत ही नहीं आती। यह जुदा बात है कि माननीय डिप्टी चीफ मिनिस्टर ने कहा कि अमुक सदस्य की तो आदत है विरोध करने की और कट मोशन पेश करने की; चाहे अच्छा काम हो तो भी विरोध करने की और कट मोशन पेश करने की।

बात यह है कि अच्छे-बुरे शब्द कहने की किसी को ज्यादा आदत होती है और किसी को कम आदत होती है।

श्री चेयरमेन—That chapter is closed now. You are speaking on another Cut-motion. That Chapter is now closed.

श्री एच॰ के॰ व्यास—I am opening another chapter, Sir. मैं यह कहता हूं कि किसी की विरोध करने की आदत होती हो या नहीं पर सरकारी विभागों की ऐसी आदत है कि बार बार दोहराये जाने के बावजूद भी कुछ सुधार करना तो दूर रहा, उसी प्रकार के बिगाड़ करते जाना उनकी आदत है। इस आदत के संबंध में मैं कॉंक्रीट दो मिसालें पेश करता हूं।

पाली के एक सज्जन की पिछले सेशन में मिसाल दी थी कि जिनके फूलों का बगीचा है, खेती नहीं करते। सदन के उस और बैठने वाले कई सज्जन वहां जाते हैं तो उनके वहां ठहरते हैं। उनको आज से कुछ महीने पहले मशीन खरीदने के लिये ८०००) रुपये तकावी के दिये गये थे; पर कोई मशीन नहीं खरीदी गई।

उनसे कहा गया कि जांच की जायगी। जांच हुई और नतीजा भी निकला और नतीजा यह निकला कि ८ हजार रुपये जो दिये थे उनको बढा कर ३० हजार कर दिये गये। यह जांच की गई और यह नतीजा निकाला गया। अब मैं आपको बताऊं कि उनका नाम है श्री गांधीजी, जिनके फूलों का बगीचा है और जो इतर बनाते हैं। मैं यह बताऊंगा कि इस विभाग के जो मंत्री हैं उनके खुद के संबंधियों को तो तकावी दी ही गई है उसके लिये मंत्रीजी जवाब दें, लेकिन एक गंभीर घटना और हुई है जो सीरियस है और जिसका ताल्लुक मेरी कांस्टीट्यूएन्सी से है। जोधपुर में उप-चुनाव होने वाले हैं।

[श्री एच. के. व्यास]

एक सज्जन को जिन्होंने कि एग्रीकल्चर का काम आज तक नहीं किया और जो हकीम हैं पर्चेज करने के लिये १० हजार रुपयों की तकावी दी गई। हकीम निसार अहमद को दस हजार रुपयों की तकावी देना कहां तक वाजिब है (शेम-शेम)। आप कहते हैं कि लोगों की आदत है फालतू बातें करने की। मैं दावे के साथ कहता हूं कि जो रकम तकावी में इस प्रकार दी जाती है वह बहुत ही बुरी चीज है। मैं इस कट मोशन को विद्ड्रा करने वाला नहीं हूं और इसका कारण बता देना चाहता हूं। जब पिछली बार सदन में हमने कट मोशन रखा था तो दूसरे दिन संबंधित मंत्रीजी ने एक कॉन्फ्रेंस बुलाई थी जिसमें सदन के सदस्य और संबंधित अधिकारी बुलाये गये थे। वहां जो बातचीत होकर फैसला हुआ वह रेकॉर्ड पर है। यह तय हुआ कि कम से कम हर जिले में, हर तहसील में यह काम पब्लिक की कमेटियें करेंगी तो मुमकिन नहीं होगा लेकिन भारत सरकार जो पैसा मशीन तकावी के लिये देती है वह पैसा कमेटी की देख-रेख में दिया जायगा ताकि गडबड़ी हो तो तुरन्त रोका जा सके। जिन मंत्रीजी ने इसके लिये आश्वासन दिया था वह केवल कागज में ही रह गया। न तो कोई कमेटी ही बनी और न छानबीन हुई। जितने केसेज मैंने आपके सामने पेश किये हैं उनमें से एक भी केस कमेटी के सामने न तो आया और न उनकी छानबीन ही हुई।

माननीय चेयरमेन, मुझे बोलने के लिये जितना समय मिलता है उससे कहीं ज्यादा समय उत्तर देने वाले संबंधित मंत्री को मिलता है। यह सर्वथा अन्याय है।

श्री चेयरमेन (डा० मंगलसिंह)—आप अपनी बात कहें। बहस करने की जरूरत नहीं है।

श्री हरिकृष्ण व्यास—मुझे २-३ मिनट लगेंगे।

श्री चेयरमेन (डा० मंगलसिंह)—Do not waste time.

श्री हरिकृष्ण व्यास—मैं अर्ज कर रहा था कि इस बारे में जांच करना तो दूर रहा हकीकत यह है कि और नये रुपये दिये गये। मैं यह कहना चाहता हूं माननीय चेयरमन, कि जो खर्च किया गया है उसमें बड़ा जबर्दस्त स्केन्डल है, लाखों रुपये खर्च किये गये हैं। डिपार्टमेन्ट की तरफ से जो रुपये खर्च किये गये हैं वे जिस प्रकार से किये गये हैं मैं पूछना चाहता हूं मंत्रीजी से कि जो मशीनें मंगाई गई हैं उनके लिये क्या अलग अलग फर्म्स से टेन्डर इन्वाइट किये गये थे। यदि नहीं तो फिर किस आधार पर मशीनें खरीदी गई हैं। सभी काम arbitrary तरीके से किया गया है। इस विभाग का यह हाल है कि इसकी शिकायतें की गईं पर कोई जांच नहीं की गई। विभाग की गाडियों में पेट्रोल तो डाला जाता है ८ गेलन और लिखाया जाता है ४० गेलन। ये गाडियें फालतू में इधर-उधर फिरती रहती हैं। इनकी जांच करना तो दूर रहा, देखरेख रखनेवाला तक कोई नहीं है। वास्तव में एग्रीकल्चर का काम करने वालों को कोई तकावी नहीं दी गई पर उनको अवश्य दी गई जिन्होंने कभी एग्रीकल्चर का काम नहीं किया। आप इस तरह के गौटाले करते रहें और हमें कहें कि इनकी तो आलोचना करने की आदत है। जब तक आप गबन, घोटाला, जुल्म, स्केन्डल करना नहीं छोड़ेंगे तब तक हमारी विरोध करने की आदत भी नहीं छूटेगी।

Page No.60

एक सदस्य—यदि आपकी इजाजत हो तो तकावी के सिलसिले में मैं भी कुछ कहूं।

श्री चेयरमैन (डा० मंगलसिंह)—पहले वे ही बोलेंगे जिनका कट मोशन है।

श्री हरिकृष्ण व्यास–ऐसा कोई रूल नहीं है कि कट मोशन मूव करने वालों के अलावा कोई नहीं बोले।

श्री मानसिंह (महार)—Under what rules you prevent us from speaking?

श्री चेयरमैन (डा० मंगलसिंह)—Only those persons who have tabled Cut-Motions will speak first, others will be given chance after that.

श्री मानसिंह—एग्रीकल्चर पर सप्लीमेन्ट्री डिमान्ड

श्री चेयरमैन (डा० मंगलसिंह)—ऑर्डर! ऑर्डर!!

श्री मानसिंह (जमुआ रामगढ़)—एग्रीकल्चर पर कट मोशन,....

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मंत्री)—ऑर्डर,! ऑर्डर!! Sir, these are the orders (परिपाटियाँ) of the House and the House has any right to protest against them.

श्री खेतसिंह—मैं अपना कट मोशन मूव नहीं करना चाहता।

श्री मानसिंह (महार)—अध्यक्ष के अलावा दूसरे मेम्बर ऑर्डर ऑर्डर कहें, यह कहां तक वाजिब है ?

श्री जयनारायण व्यास—It is always the duty of the House and the Members of the House to say "Order Order" if the Chair is not respected. It is in order to draw the attention of the Member when the Member is misusing the liniency of the Chair.

श्री मानसिंह—May I also say something by way of Explanation.

श्री संतोषसिंह—मैं मेरा कट मोशन मूव नहीं करना चाहता।

श्री हरिकृष्ण व्यास—On a point of Order, Sir, is it not be practice and convention to address the Hon'ble Members in third person. That the Hon'ble Member should do this—should do that and not directly saying—'sit down'.

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मंत्री)—I said, "Order, Order".

श्री हरिकृष्ण व्यास—It is always to address the Hon'ble Members in third person, "The Hon'ble Members should do this and that." Otherwise it becomes the breach of dignity of the House.

श्री चेयरमेन (डा० मंगलसिंह)—When certain member does not hear the Chair, the Chair has got right just to keep........

श्री जसवन्तसिंह—On a point of Order, Sir..............

श्री चेयरमेन—Just wait.

श्री एच. के. व्यास—Excuse me, Sir, I am afraid there is no precedent to this effect. If the Hon'ble Members disobey the Chair, the House has a right to ......

श्री टीकाराम पालीवाल—Not 'disobey' but 'obstruct' the work of the House.

(श्री लालसिंह शक्तावत, उपाध्यक्ष, पदासीन)

श्री एच के व्यास—Have I your permission to continue my submission. Whenever anybody addresses certain member—even the Chair, I respectfully submit, Sir, that the form of the speech should be in third person. It has been unfortunate that my friend, the Leader of the House, has mis-used his position and addressed us in first person. My humble submission is that to address the Hon'ble Members in third person is a very correct form of address, to address them in first person is not a correct form of address. And just we are expected to keep dignity of the House, we should respect other persons as well. On this account I submit that a convention should be established always to address the members in third person and not in the first person.

श्री मानसिंह (जमुआ रामगढ)--मैं इस पोइन्ट पर यह रूलिंग चाहता हूं कि इस सदन में यह हमेशा से होता आया है कि जो सप्लीमेन्टरी डिमान्डस होती हैं और उन पर जो कट मोशन रखते हैं वे बोलते हैं और उनको अधिक समय दिया जाता है और जिनके कट मोशन्स नहीं होते और अगर जो बोलना चाहते हैं तो उनको ऊपर से कुछ कम समय अवश्य दिया जाता है लेकिन इजाजत जरूर दी जाती है, इसलिये मुझे यह अर्ज करना है कि इस पोइन्ट पर माननीय उपाध्यक्षजी कोई क्लेरिफिकेशन फरमा दें, तो ठीक है। चूंकि मुझे इस पोइन्ट पर बोलना है और इसी बात को ध्यान में रख कर मैंने कोई कट मोशन नहीं दिया है क्योंकि इससे समय व्यर्थ जाता। ज्यादा कट मोशन्स आते तो उन पर हां, ना होता और उसमें सदन का समय काफी व्यर्थ जाता।

श्री उपाध्यक्ष—माननीय सदस्य ने जो प्रश्न उठाया है उसके लिये मुझे कहना है कि सदन में जो कार्यवाही होती है उसमें सहूलियत करने के लिए कई दफा स्पीचेज (भाषणों) को नियमित करना पड़ता है, किन्तु प्रायः समय दिया जाता है। चूंकि इस समय बजट सामने आने वाला है और जिन सदस्यों को आलोचनायें करनी हैं उन्हें विस्तारपूर्वक थोड़े दिनों के बाद आलोचनाएं करने का मौका मिलेगा, और इसी खयाल से मैं मानता हूं कि रोकने की कार्यवाही की गई होगी। साधारण तौर पर तो समय दिया जाता है। अगर माननीय सदस्य विशेष रूप से कुछ कहना चाहेंगे तो उन्हें समय दिया जावेगा।

श्री सरदारसिंह—उपाध्यक्ष महोदय, मैं तकावी के सीलसिले में कुछ अर्ज करना चाहता हूं। मैं मेरी कान्सटियुएन्सी राजमहल में गया । वहां पर लोगबागों ने तकावी के सिलसिले में मुझसे बातें कीं। खैर, उन्होंने जबानी बातें की थी। जब मैंने उनको लिखित रूप में उनकी बातों को देने के लिये कहा तो एक शख्स ने लिखित रूप से भी दिया, जो मेरे पास है और अगर आप कहें, आज्ञा हो तो मैं उसको पढ कर सुनादूं। एक शख्स ने लिखा कि ७००) रुपया तकावी के लिए टोड़ी तहसीलदार के पास दरख्वास्त की तो तहसीलदार ने हुक्म दिया कि जमानत को कार्यवाही करो । जमानत की कार्यवाही भी की गई और तकावी की मंजूरी भी आ गई । फिर तहसीलदार ने कहा कि २००) रुपया ही दूंगा । मैंने कहा २००) रु० ही दें। उन्होंने कहा कि ठहर जाओ । मैं वहां एक रोज ठहरा रहा किन्तु बाद में मैं मकान पर आगया । उसके बाद एक परवाना तहसील में आया कि ७००) रुपये की तका ी तुमने ली है उसकी किश्त के पये तुम जमा कराओ। तो मैंने परवाने के ऊपर यह लिख दिया कि मैंने तकाबी नहीं ली है, मैं परेशान होकर अपने घर पर आ गया था; इसलिए जब मैंने तकावी नहीं ली तो मैं तकावी की किश्त किस तरह से जमा करा सकता हूं, किश्त देने के लिए मेरे पास कोई रुपया नहीं है। मैं गरीब हूं। इस पर गौर फरमाया जावे।

(विरोधी पक्ष की ओर से हंसी)

श्री मानसिंह (जमुआ रामगढ)—एग्रीकल्चर डिपार्टमेन्ट के बारे में जो कटौती स्ताव इस समय सदन के सामने आया है वह राजस्थान की जनता के लिए एक बड़े अहमियत का प्रश्न है क्योंकि राजस्थान की ९० प्रतिशत जनता एग्रीकल्चर पर निर्भर है और इसीलिये एग्रीकल्चर डिपार्टमेन्ट को सुचारु रूप से चलाने का सरकार का परम कर्तव्य होता है। अगर इस डिपार्टमेन्ट में धांधली बाजी और कुनबा परस्ती होती है तो उसका राजस्थान की ९५ प्रतिशत जनता पर पूरा आघात पहुंचता है । इस, लिए इस कट मोशन को जितनी भी अहमियत दें और इसके सपोर्ट में जो कुछ कहें, मैं समझता हूं कि सदन का समय ही सिर्फ बर्बाद नहीं होता है बल्कि राजस्थान की ९५ प्रतिशत जनता के पेट की पूर्ति के लिये सपोर्ट करते हैं । मेरे मित्र श्री व्यासजी ने एग्रीकल्चर मशीनरी के सिलसिले में आंकड़े सदन के सामने रखे हैं। मैं यह कह देना चाहता हूं कि जो कुछ मेरे मित्र ने जोधपुर के लिये कहा है वह राजस्थान के कौने कौने के लिये अक्षरशः सही है। हमारे पास इतने प्रमाण मौजूद हैं कि एग्रीकल्चर मशीनरी के लिये जो कुछ तकावी के रूप में दिया जाता है वह ऐसे आदमियों को दिया जाता है जो मशीन ी खरीदते ही नहीं हैं और जो कोई लोग ट्रेक्टर खरीदते हैं तो वे एक कस्बे से दूसरे कस्बे में बोझा ढोने के लिये। वे खेती के काम में नहीं लिए जाते हैं । इस प्रकार से एग्रीकल्चर मशीनरी के संबंध में तकावी का दुरुपयोग किया जा रहा है जो सर्वथा अन्यायपूर्ण है और इसको रोकना सरकार का परम कर्त्तव्य है। बड़े दुख की बात है कि हम यहां पर एक ऐसे अहम विषय पर कटौती प्रस्ताव को लेकर वाद विवाद कर रहे हैं किन्तु जिन मंत्रीजी के हाथ में यह पोर्टफोलियो है, जिनसे कि हमें सरकार की पालिसी के बारे में जवाब मिलता, वे इस समय सदन से गायब हो गये हैं। हम समझते हैं कि इसका जवाब कुछ नहीं मिलने वाला है। फिर भी मैं कहना चाहता हूं कि एग्रीकल्चर डिपार्टमेन्ट में जो कुछ खर्चा किया जा रहा है वह बिल्कुल व्यर्थ है ।

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मंत्री)--ऑन ए पॉइन्ट ऑफ ऑर्डर, सर . . . . .

अभी जो बहस चल रही है वह जनरल बजट पर नहीं चल रही है बल्कि सप्लीमेन्टरी ग्रान्ट्स और उन पर जो कट मोशन्स हैं उन्हीं पर बहस की जानी चाहिये थी । इसलिये यहां पैसे का सवाल आउट ऑफ क्वेश्चन हो जाता है । मैं, अध्यक्ष महोदय, आपसे अर्ज करूंगा कि बहस जनरल बजट पर न हो किन्तु सप्लीमेन्टरी डिमान्ड पर ही बहस महदूद रखी जाय ।

श्री उपाध्यक्ष--(श्री महार को संकेत करते हुए) आपको अगर इस बारे में कोई खास बात कहनी है तो कहियेगा । जनरल डिस्कशन इस समय कुछ नहीं जाना चाहिये । दूसरी बात जो मैं सदस्यों से कहना चाहता हूं वह यह है कि जो भी चेयर पर हों और कार्यवाही चलाएं उनके प्रति जो व्यवहार हो उसमें डीसेन्सी हो और यदि उच्च भावनाओं को नियमित रूप से प्रगट किया जायगा तो हमारे लिये अच्छे कन्वेन्शन्स कायम होंगे और हमारे लिये और उनके लिए सराहनीय बात होगी । किसी भी स्टेटमेन्ट में कोई बात जोड़ दी जाय या उस पर विशेष बहस की जाय यह उचित नहीं जंचता । इसलिये चूंकि यह सप्लीमेन्टरी ग्रान्ट की बात है और यह बजट के जनरल डिस्कशन का मौका नहीं है इसलिए बहस को लम्बा करने की नीयत से बातें नहीं कहीं जायं । तीसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि स्पीकर को यदि महसूस हो कि कोई बात दोहराई जा रही है या देरी करने की नीयत से बहस की जा रही है तो वह बहस को कम कर सकता है और उसको नियमित कर सकता है । यह उसका फर्ज भी है । इसलिए सदस्यों को इस ओर ध्यान देना चाहिये और जो वास्तविक बात हो और जिनको कहने की जरूरत हो केवल वे ही बातें कहें ।

श्री मानसिंह महार--माननीय उपाध्यक्षजी, इस कटौती के प्रस्ताव के बारे में मुझे कहना तो बहुत कुछ था किन्तु आपने जिस सद्भावना के साथ कॉऑपरेशन का आदेश हमको दिया है उसको देखते हुए मैं ज्यादा न कह कर यही कहूंगा कि हमारे मित्र व्यासजी के इस कटौती के प्रस्ताव को हमें सर्व सम्मति से पास करके यह दिखा देना चाहिये कि एग्रीकल्चर डिपार्टमेन्ट, जिस तरह से उसे कार्य करना चाहिये, उस तरह से काम नहीं कर रहा है ।

श्री उपाध्यक्ष--श्री खेतसिंह ।

श्री खेतसिंह--मुझे कहने को कुछ नहीं रह गया है । मैं अब इसको मूव करने की आवश्यकता नहीं समझता हूं । अतः अपने इस कटौती प्रस्ताव को वापिस लेता हूं ।

श्री गोपाल यादव--मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि सप्लीमेन्टरी ग्रान्ट्स के लिए हाउस में यह परम्परा कायम कर दी जानी चाहिये कि उन्हें बगैर डिस्कशन्स के ही पास कर दिया जाये तो ज्यादा अच्छा होगा । अब बजट आने वाला है । इसमें तो जो चीज खर्च करने को हमें स्वीकृति देनी है वह खर्च हो चुकी है । अब उसको हम रोक नहीं सकते । गल्तियां जरूर पोइन्ट आउट करना है वह कल से हम बताना शुरू कर देंगे जब कि बजट पर वाद विवाद करेंगे । और हरएक डिपार्टमेन्ट वाइज ग्रान्ट्स आवेंगी तब सभी गल्तियां बतावेंगे । अभी तो टाइम सेव करना है और जो टाइम हम सेव करेंगे उसे बजट की बहस के समय लगा दिया जाना चाहिये ।

श्री उपाध्यक्ष—यह उचित ही है और सदस्यों के विचार करने योग्य बात है ।

श्री खेतसिंह—श्री गोपीलालजी ने जो कहा है उससे मैं सहमत हूं और अपने जितने भी कटौती प्रस्ताव हैं वे वापिस लेता हूं ।

श्री उपाध्यक्ष—श्री संतोषसिंह ।

श्री संतोषसिंह—माननीय उपाध्यक्ष, अभी जो मेरे माननीय मित्र गोपीलालजी यादव ने अपना सुझाव सदन के सामने पेश किया है उसको उचित समझते हुए मैं भी अपने सब कट मोशन्स, सारे के सारे वापिस लेता हूं । इनको वापिस लेने को मुझे आज्ञा प्रदान की जावे ।

श्री उपाध्यक्ष—इन्हें आप मूव नहीं करेंगे तो अपने आप ड्राप्ड समझे जावेंगे और आप मूव नहीं कर रहे हैं तो इस लिये वापिस लेने का प्रश्न नहीं रहता ।

श्री खेतसिंह—हम अपने कट मोशन्स इस समय मूव नहीं कर रहे हैं । क्या हम आशा करें कि श्री एच. के. व्यास भी, कोऑपरेट करेंगे ?

श्री उपाध्यक्ष—अब प्रश्न यह है कि जो कट मोशन श्री एच. के. व्यास ने उपस्थित किया है उसको स्वीकार किया जावे ।

(अस्वीकृत)

प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ

श्री हरिकृष्ण व्यास—माननीय अध्यक्ष, हालांकि मुझे अफसोस है कि मैंने देरी से आपका ध्यान आकर्षित करने के विषय में सोचा । माननीय मन्त्रीजी ने उत्तर तो दिया ही नहीं उसके पहिले ही मेरे मोशन पर वोटिंग जो हुआ ठीक नहीं हुआ । अब मैं सोचता हूं कि यह हुआ सो तो हुआ पर ओरिजनल डिमान्ड पर तो वोट लेने से पूर्व उत्तर देने को बाध्य किया जावे ।

श्री जयनारायण व्यास—माननीय उपाध्यक्षजी, जितनी बार एतराज उठाये गये हैं वे सप्लीमेन्ट्री ग्रान्ट से कम सम्बन्ध रखते हैं; दूसरी चीजों से ज्यादा । तो जिस समय बजट पर विवाद होगा एक साथ उत्तर दे दिया जावेगा ।

श्री हरिकृष्ण व्यास—माननीय उपाध्यक्षजी, क्या मैं ऐसा समझूं जब कि इतने जिम्मेवार व्यक्ति यह कहें और हमारे ऐतराजों का जवाब देना तो दूर रहा उनको टालने की कोशिश करें ? वे जवाब देने को भी तैयार नहीं ! बाहर जवाब न दें पर यहां आकर भी आपके सामने हमें जवाब देने के लिए ये रजामन्द नहीं ।

श्री जयनारायण व्यास—जब कट मोशन ही गिर गया तो जवाब क्या दें ?

श्री उपाध्यक्ष—चूंकि कट मोशन गिर गया ऐसी स्थिति में ग्रान्ट पर मन्त्री चाहते तो जवाब देते। उनका जो विचार था वह ग्रान्ट के रूप में हाउस के सामने रख दिया है। अब यह सदन का काम है कि उस पर अपनी सम्मति प्रदान करे। तो प्रश्न उपस्थित है कि प्रस्ताव—

"That a supplementary sum not exceeding Rs. 5,94,000/- be granted to H. H. the Rajpramukh to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1953, in respect of Grant No. LIII, Major Head 40—Agriculture".

स्वीकार किया जाय।

(स्वीकृत)

यह मांग स्वीकृत हुई।

श्री हरिकृष्ण व्यास—तो यह रिकार्ड हो जावे कि इस पर सम्बन्धित मन्त्रीजी के पास जवाब देने के लिए कुछ नहीं था।

श्री नाथराम मिर्धा (शिक्षा मंत्री)—सम्बन्धित मन्त्री इसके लिये तैयार थे, पर पहले ही कट मोशन वापिस ले लिये गये या गिर गये तो फिर अपनी ही ग्रान्ट पर बोलने का कोई प्रश्न नहीं रह गया।

इ-अनुदान संख्या ५० (सामान्य प्रशासन-अ)

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मंत्री)—उपाध्यक्ष महोदय, मैं नीचे लिखा प्रस्ताव उपस्थित करता हूं :—"That a supplementary sum not exceeding Rs. 5,50,000/- be granted to H. H. the Rajpramukh to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1953, in respect of Grant No. L, Major Head 25—General Administration-A-Heads of State etc. Allowances to Rajpramukh etc."

श्री उपाध्यक्ष—प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ। श्री हरिकृष्ण व्यास।

श्री हरिकृष्ण व्यास—I move, "that the Demand for supplementary Grant of a sum not exceeding Rs. 5,50,000/- in respect of Demand No. L be reduced by Rs. 100/- (to discuss the need for absolute curtailment of this unnecessary expenditure).

पहले इसके कि मैं कट मोशन को प्रस्तावित करने के पक्ष म कुछ बात कहूं दो शब्द में यह कह देना चाहता हूं कि मैंने अपना कट मोशन वापिस क्यों नहीं लिया।

वह इसलिये नहीं लिया कि बजट तो आ रहा है, ठीक है और उस पर हम वाद-विवाद करेंगे यह भी ठीक है, पर बजट पेश होने के बाद भी, जैसा कि पहले पिछली बार भी बजट पेश हुआ था और फिर भी दो बार सप्लीमेन्टरी ग्रान्ट्स मन्जूर करने का मौका आ गया तब फिर क्या गारन्टी है कि इस बार भी बजट पेश होने के बाद भी फिर वही सप्लीमेन्टरी ग्रान्ट देने का मौका बाद में नहीं आवेगा। इसलिये

[श्री हरिकृष्ण व्यास]

हकीकत तो यह है कि हर चीज को तरफ जितनी जिम्मेदारी बरतने के सरकार के आज तरीके हैं उनको देखते हुए हमारा समाधान नहीं होता केवल बजट को ही पास करके छोड़ देने से, एक बात।

दूसरी बात इसको पेश करते हुए मैं और साफ कर दूं कि क्यों इसको पास कराना चाह रहे हैं। आज जो मन्जूरियां ली जा रही हैं इनको पहले तो चार्ज में रख दिया गया था, खर्च की तरफ डाल दिया गया था; बाद में किसी का पता चला कि यह चार्ज में नहीं रखी जातीं, वोट्स के लिये रखी जानी चाहिये थी, इसलिये अब इस पर वोट लिया जा रहा है। कोई कारण नहीं कि हम इसको पास करवाने में अपना वोट दें जब कि हमारे प्रान्त की आर्थिक स्थिति संकटमय है, जहां पैसे की पहले ही कमी है, हर बार पैसे की कमी की वजह से, पैसे की कमी के नाम पर कई जन कल्याणकारी योजनाओं को रोका जाता है। तो लाखों रुपया प्रिवी पर्स और अलाउन्स के तौर पर क्यों खर्च किया जाय।

कट मोशन पेश करने का मेरा मतलब यह है कि यह बिलकुल बेकायदे का खर्चा है क्योंकि इस खर्चे का कोई आधार हो, इस खर्चे का कोई कारण हो, जिसमें जनता का लाखों रुपया खर्च हो, वह है नहीं। इसलिये हमारा मत है कि इस खर्चे को बन्द कर देना चाहिये। यह खर्चा हमारे वोट के खिलाफ है, बेकार का खर्चा है। यह खर्चा बजाय इन प्रिवी पर्स अलाउन्स में खर्च करके जन हितकारी योजनाओं पर खर्च किया जाय। इस खर्चों के कारण हमारे जन हितकारी कार्यों को करने में ठेस पहुंचती है, सामान्य आदमी के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में ठेस लगती है; इसलिये इस खर्चे को मन्जूर नहीं किया जाय। इसी आशय से मैंने अपना कटौती स्ताव सदन के सामने प्रस्तुत किया है।

श्री मुक्तिलाल मोदी—इसी तरह का मेरा भी कट मोशन है मैं उसे वापिस लेता हूं।

श्री जयनारायण व्यास—उपाध्यक्ष महोदय, हम जो खर्च के लिये मांगें प्रस्तुत करते हैं उनका कुछ आधार होता है। वह आधार यह है कि या तो कॉन्स्टिट्यूशन होना चाहिये या कोई पुराना कन्वेन्शन होना चाहिये, या जरूरत होनी चाहिये या कोई हमारा पुराना वादा होना चाहिये। यह जो रकम की मांग की गई है, अतिरिक्त रकम है, जो चार्ज में गई थी, महाराज प्रमुख का खर्चा इसमें शरीक है। चार्ज में होने से गलती यह हो जाती है कि राज प्रमुख के एलाउन्सेज़ हैं, दूसरे खर्च आदि हैं, वे तो कॉन्स्टिट्यूशन में मुकर्रर हैं लेकिन महाराज प्रमुख के जो एलाउन्सेज़ हैं वास्तव में जो अलाउन्सेज़ खर्च होते हैं वे कॉन्स्टिट्यूशन में नहीं रखे गये हैं लेकिन उसके लिये हमारा एक कोवेनेन्ट है जिसमें राजस्थान की तरफ से उनके साथ एक वादा किया गया है उस वादे को निभाना किसी सरकार का फर्ज है; जब तक वादे गैर वाजिब समझकर तोड़ नहीं दिये जाते। राजप्रमुख की संस्था है, महाराजप्रमुख की संस्था है, जो मानी हुई संस्थायें इस समय हैं और आगे रहेंगी तब तक उनको माना हुआ रहेगा। अगर हम इनको माने हुए नहीं रहें तो यह तो कॉन्स्टिट्यूशन को बदलना है, कोवेनेन्ट को बदलना है, अपने किये हुए वादे को बदलना है; जो आज हम नहीं कर सकते। बहुत सी चीजें ऐसी हैं जिन चीजों को हम पसन्द नहीं करते किन्तु मानना पड़ता है। हमारे भाई

[श्री जयनारायण व्यास]

श्री एच.के.व्यास ने जो बातें कही हैं ऐसी और भी बातें कही जा सकती हैं, मकान आदि को बराबर बांट देना; इस प्रकार दूसरी बातें भी कही जा सकती हैं। अगर मैं कहूं कि मेरे पास मकान नहीं, किसी कम्यु- निस्ट के पास मकान हैं तो वह कदापि उसको देने केलिये तैयार नहीं होगा। सरकारें इस आधार पर नहीं चला करतीं कि यह उचित है या अनुचित। सरकारें तो किसी विधान के अनुसार चला करती हैं, किसी व्यवस्था के आधार पर चला करती हैं। वादे और जो कॉवेनेन्ट हैं उनको छोड़ कर हम नहीं चल सकते। अलाउन्सेज वगैरह का जो खर्चा है वह खर्चा चार्ज में रखा जाता है, बिना सदन की इजाजत के खर्च नहीं कर सकते। हाउस का कर्तव्य है कि जो कुछ भी वादे हैं उनको निभाने की कोशिश करे और इस मांग को एकमत से स्वीकार करे।

श्री उपाध्यक्ष--सदन के सामने प्रश्न प्रस्तुत है कि श्री एच. के. व्यास का कटौती प्रस्ताव स्वीकार हो।

(अस्वीकृत)

प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

श्री उपाध्यक्ष--सदन के सामने प्रश्न यह है कि--

"That a supplementary sum not exceeding Rs.5,50,000/- be granted to H.H. the Rajpramukh to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1953, in respect of Grant No. L., Major Head 25—General Administration A-Heads of States etc. Allowances to Rajpramukh etc."

(स्वीकृत)

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। नेक्स्ट।

ई-अनुदान संख्या ५५ (उद्योग तथा रसद)

श्री रामकिशोर व्यास--I beg to move—

"That a supplementary sum not exceeding Rs, 2,00,000 be granted to H. H. the Rajpramukh to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1953, in respect of Grant No. LV, Major Head 43—Industries and Supplies."

श्री एच. के. व्यास--I forego my cut-motion on this particular demand.

श्री संतोषसिंह--मैं अपना कट मोशन इस आधार पर वापिस लेता हूं कि हमें बजट पर बोलने को ज्यादा समय मिलेगा।

श्री उपाध्यक्ष--सदन के सामने अब प्रश्न यह है :-

"That a supplementary sum not exceeding Rs, 2,00,000/- be granted to H.H. the Rajpramukh to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1953, in respect of Grant No. LV, Major Head 43—Industries and Supplies."

(स्वीकृत)

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। नेक्स्ट।

ड-अनुदान संख्या ५७ (प्रिवी पर्स इत्यादि)

श्री जयनारायण व्यास—Sir, I move "That a supplementary sum not exceeding Rs. 18,06,000/- be granted to H.H. the Rajpramukh to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1953, in respect of Grant No. LVII, Major Head 54 B-Privy Purses and Allowances of Indian Rulers—a (2) Allowances of Rulers and their Relations and servants."

मैं दो शब्द कह दूं तो ज्यादा उचित होगा ताकि इसको समझने में मान्यवर महानुभावों को कोई दिक्कत नहीं हो। रूलर्स के लिये इसको प्रिवी पर्स में रखा है लेकिन खास तौर से उनके रिलेशन्स, उनकी माताओं, दादियां हैं और और कोई रिलेशन्स रह गये हैं उनके लिये यह रखने की जरूरत है, और यह कॉवेनेन्ट में मन्जूर शुदा हमारी जिम्मेवारी है। मैं उम्मीद करता हूं कि इसको एकमत से आप स्वीकार कर लेंगे।

श्री उपाध्यक्ष—श्री एच. के. व्यास।

श्री हरिकृष्ण व्यास—Sir, I move: "that the Demand for supplementary Grant for a sum not exceeding Rs. 18,06,000/- in respect of 54B—Privy Purses and Allowances of Indian Rulers etc. be reduced to Rs. 100/- (to discuss the absolutely unnecessary nature of the expenses.)"

मैंने इसके पहले जो एक कट मोशन प्रस्तावित किया था उस समय आधार बताया था कि किस आधार पर मैंने यह मोशन रखा है, और उस पर जवाब देते हुए माननीय मुख्य मन्त्रीजी ने यह कहा कि "औचित्य और अनौचित्य के आधार पर सरकार नहीं चल सकती है। वह व्यवहारिक तरीके से चल सकती है।"

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मंत्री)—मैंने यह नहीं कहा था। मैंने कहा था "औचित्य तो होता ही है लेकिन व्यवहारिकता भी होनी चाहिये"।

श्री हरिकृष्ण व्यास—अभी अभी उन्होंने तरमीम की कि "औचित्य भी होना चाहिये और व्यवहारिकता भी होनी चाहिये" उस तरमीम के आधार पर मैं अर्ज करूं, मुझे एकदम थोड़ा सा माननीय मन्त्रीजी को पीछे ले जाना होगा। मुझे याद आने लगा कि पिछले अधिवेशन में जब राज मुख के भाषण की चर्चा चल रही थी और उसके उत्तर में उस समय के फाइनेन्स मिनिस्टर किन्तु वर्तमान एजूकेशन मिनिस्टर और उस समय भी एजुकेशन मिनिस्टर साहब जब बोल रहे थे तब बड़े जोर से उन्होंने कहा था, ऐसा मैंने सुना है, कि "फाइनेन्स कमीशन के मेमोरेन्डम के १८ पेज पर जो खर्चा लगा हुआ है, जो शायद किसी हिन्दुस्तान के राज्य में इतना नहीं होता है जितना कि राजस्थान में, इसको कम करने का कोई सुझाव लाते तो हम समझ सकते थे, ऐसा हो तो हम समझ सकते थे।" मैंने सोचा

[श्री हरिकृष्ण व्यास]

कि शायद माननीय सम्बन्धित मन्त्रीजी ने भूल से तो ऐसा नहीं कहा; इसलिये मैंने इस सिलसिले में एक प्रस्ताव किया था वह मन्जूर नहीं हुआ; लेकिन कम से कम इस बात की मुझे तसल्ली हुई कि इच्छा तो सरकार की भी ऐसी ही है कि यह खर्चा कम किया जाय; लेकिन आज मालूम हुआ कि वे इच्छाएं केवल दिखावा और भुलावा लोगों में डालने को हैं हकीकत तो यह है। कि औचित्य, अनौचित्य, व्यवहारिकता अव्यवहारिकता की बात कुछ भी हो; लेकिन मामूली अक्ल के आदमी के समझने में आने के काबिल बात होती है वह यह है कि बड़े बड़े लोगों को और पैसा देने का पक्ष करना और जिनके पास में पैसा नहीं है उनसे कटौती करने के पक्ष में यह औचित्य-अनौचित्य का सवाल आता है। लेकिन १५-१५ व २०-२० साल से नौकरी करने वाले मुलाजिमों का जब सवाल आता है तो औचित्य-अनौचित्य का सवाल नहीं रहता है और कह दिया जाता है कि कर दो छंटनी क्योंकि सरकार के पास पैसा नहीं है। यहां पर छटनी क्यों नहीं करते हैं? और आप कहते हैं कि आपने समझौता किया तो आपने समझौते सब लोगों से किये हैं, और समझौते से बड़ी चीज आपने यह की कि आपने तसल्ली दी। आम लोगों को तसल्ली दी है तो जहां बेकार और गरीब लोगों के हितों का सवाल आता है वहां औचित्य या अनौचित्य, समझौता या गैर समझौता, एग्रीमेन्ट या डिसएग्रीमेन्ट, सब कुछ एक दम से गायब हो जाते हैं। उनका कोई प्रश्न नहीं उठता है और आप उनके हितों पर कुठाराघात कर देते हैं, और कुछ चन्द तबके के लिये समझौते की आड़ में लाखों रुपये खर्च करने को तैयार हैं। मैं कह सकता हूं कि अगर राजस्थान और हिन्दुस्तान में फाईनेन्स का जो क्राइसिस आज है उसका एक बड़ा कारण ही यह आपकी नीति है। जिस नीति के आधार पर समझौते को लेकर आप बड़ों बड़ों को पैसा देते हैं और गरीब भूखे मरते हैं और चिल्लाते हैं। यह गलत सिद्धान्त है आपका। इसलिये मैं यह कट मोशन रखता हूं और उसे प्रेस करता हूं।

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मंत्री)—उपाध्यक्ष महोदय, मेरे माननीय दोस्त ने अपनी गलेबाजी का नमूना बहुत अच्छा दिया। उसके लिये मैं उनको धन्यवाद दूंगा और शब्दों को तोड़ने और मरोड़ने की उनकी निपुणता के लिये मैं उनको बधाई दूंगा; लेकिन वे दरअसल में व्यवहारिकता की तरफ देख नहीं रहे हैं। गरीबों के लिये लबालब प्रेम और दया का उनमें जो उभार आया है इसलिये मैं उनके ध्यान में लाना चाहता हूं कि जो बूढी माताएं हैं, बूढी दादियां हैं उनको हमने अमला नहीं दिया है मकान नहीं दिये हैं। उनके मकान या तो राजाओं के पास होंगे या उनके पास चले जायेंगे और ज्यादा-तर स्टेट ले लेगी। दूसरों के मकान हम नहीं छीन रहे हैं, उनके मकान भी हैं तो वे मकान बेच भी नहीं सकते हैं। उनका जरिया सिर्फ यही है कि उनको सिर्फ यही एलाउन्स दें। उसको कम करने की बात जो फाइनेन्स मिनिस्टर ने कही थी वह कम कुछ तो होगी ही। यह खर्चा धीरे धीरे कम होने वाला है। बहुत सी बूढियां ८० वर्ष, ७० वर्ष और ६५ वर्ष की हैं, वे एक एक करके मरेंगी ही; इसलिये वह कम होने वाला है। उनका सामान भी हमारे पास आने वाला है। इसके अलावा वह और भी तरीकों से खर्च किया जा रहा है। वह इस तरह से कम किया जा रहा है कि मानलें कि २ नौकर या २ पहरेदार ज्यादा हैं, उनको भी कम करना है। मैंने भी वायदा किया कि कम करूंगा और उचित मात्रा के अन्दर खर्च रखेंगे। यह कहना कि हम कम्युनिस्ट हैं, हम सोशलिस्ट हैं, हम कांग्रेसमैन हैं इसलिये हमको तो पूंजी भी रखना है, पेश भी करना है, कहीं गरीबों और अमीरों की बातें कर रहे हैं यह दरअसल ईमानदारी की

[श्री जयनारायण व्यास]

नीति नहीं दिखाई पड़ती है। वायदों की नीति ऐसी दिखाई पड़ती है। कई चीजों के वायदे दी जाते हैं उनको भी मानना पड़ता है क्योंकि एक आदमी होता है वह एक ऑनरेबल पोजीशन रखता है। ज्यादा भी वायदे करें तो ज्यादा वायदों को निबटाना है। इन रुपयों के लिये जो हमने वायदा किया है वह बहुत ही उचित वायदा है। इसको अनौचित्य की तरफ दायर नहीं कर सकते हैं। ये कुछ दिनों में मरने वाले हैं। और धीरे धीरे उनकी जमीन जायदाद हमारे यहां रहने वाले हैं; उनको कहीं गलियों में फेंक दें यह अच्छा साम्यवाद और गरीबों के प्रति दया और मदद करना है ? मैं समझता हूं कि उनको अपना कट मोशन खतम करके, वापिस लेकर इसको एक मत से पास करना चाहिये।

श्री उपाध्यक्ष--प्रश्न यह है कि श्री एच. के. व्यास ने जो कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है वह स्वीकार किया जाय।

(अस्वीकृत)

प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

(विराम)

अब मूल प्रस्ताव लिया जाता है। प्रश्न यह है कि यह मांग स्वीकार की जावे--

"That a supplementary sum not exceeding Rs. 18,06,000/- be granted to H. H. the Rajpramukh to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March 1953, in respect of Grant No. LVII, Major Head 54 B- Privy Purses and Allowances of Indian Rulers-a (2) Allowances of Rulers and their Relations and servants."

(स्वीकृत)

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। श्री उपाध्यक्ष

ऊ-अनुदान संख्या ४६ (भू-राजस्व)

श्री नाथूराम मिर्धा--माननीय अध्यक्ष, श्री मोहनलाल सुखाड़िया बाहर चले गये हैं, अतः मैं यह डिमान्ड नम्बर XLVII पेश करता हूं:--

"That a supplementary sum not exceeding Rs. 1, 19,000/- be granted to H.H. the Rajpramukh to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1953, in respect of Grant No. XLVI Major Head-7-Land Revenue.

श्री एच. के. व्यास--I move "that the Demand for supplementary Grant of a sum not exceeding Rs. 1,19,000/- in respect of 7- Land Revenue be reduced by Rs. 100/- (to discuss the failure of the Government in making proper realisations and the unnecessary expenditure.)

Page No.71

[श्री एच.के.व्यास]

माननीय उपाध्यक्ष, बजट में जो डिटेल्स दी गई हैं उनको यदि ध्यान से देखा जाए तो आपको पता चलेगा कि यह ज्यादा और नये रुपयों की मन्जूरी लेने की सरकार को आवश्यकता किसलिये पैदा हुई है? जहां तक मेरा खयाल है यह आवश्यकता इसलिये हुई है कि १,४६,०००) रुपया तो अधिक कलेक्शन पर खर्च हो गया और जागीर कमिश्नर और उसके दफ्तर के बढ़ाने में भी ३६ हजार रुपया खर्च हुआ है। इसी लिये यह आवश्यकता हुई क्योंकि खर्च बढ़ गया। खर्च किस लिये बढ़ा? खर्च जागीर कमीश्नर और उसके दफ्तर पर भी बढ़ा? मैं कहूंगा कि जागीर कमिश्नर के दफ्तर को व जागीर रिजम्पशन एक्ट को बने एक साल हुआ है मगर अभी तक कोई काम नहीं हुआ और न उसके जल्दी होने की सूरत ही नजर आती है। मगर खर्च तो हो ही रहा है। जागीर रिजम्पशन एक्ट को बने एक साल हुआ है मगर वह अभी तक हाई कोर्ट के सामने पड़ा हुआ है और अमल में नहीं आया है, ऐसा मुझे मालूम हुआ है। अतः एक तरफ तो जागीर रिजम्पशन एक्ट सब जुडिस है और दूसरी तरफ जागीर कमिश्नर का दफ्तर चालू है और उस पर जो खर्चा किया जा रहा है वह अलग। पिछले अधिवेशन में भी सप्लीमेन्टरी ग्रान्टस मन्जूर करते वक्त जब इस प्रश्न पर बहस हुई थी उस समय मेरे कट मोशन का उत्तर देते हुए माननीय रेवेन्यू मिनिस्टर ने बतलाया था कि सरकार का इरादा जल्दी से जल्दी जागीरें खत्म करने का है। मगर मुझे उस समय भी डाउट था कि जागीरें जल्दी से जल्दी कैसे समाप्त हो जायेंगी। उसके तुरन्त बाद मैंने अखबारों में पढ़ा और सुना कि यह मामला हाईकोर्ट में चला गया है और हाईकोर्ट ने इस सम्बन्ध में स्टे ऑर्डर्स (Stay orders) दे दिये हैं। एक तरफ तो इधर कमिश्नर और उसका दफ्तर काम कर रहा है और दूसरी तरफ कोर्ट में सरकारी वकीलों की तरफ से यह कहा जाता है कि केस को सुनने की मियाद आगे बढ़ादी जाए। जहां तक सरकार हाई कोर्ट की इज्जत करना चाहती है वहां तक तो मैं उनसे सहमत हूं। लेकिन मैं यह कहूंगा कि सरकार ऐसा नहीं करती। जब इनकम टैक्स का सवाल सरकार के सामने आया तब तो सरकार ने कह दिया कि हाई कोर्ट ने स्टे ऑर्डर (Stay order) दे दिया है लेकिन जब जब अलवर के किसानों का सवाया लगान लिये जाने का तय किया और उन्होंने देने से इनकार किया व हाई कोर्ट में २५ आदमियों ने अर्जी दी तो हाई कोर्ट ने उस पर स्टे ऑर्डर दिया। मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि हमारी हाई कोर्ट के स्टे ऑर्डर की दुहाई देने वाली सरकार ने यह कह कर कि २५ आदमियों ने अर्जी दी है यह स्टे ऑर्डर उन्हीं के लिये लागू है, दूसरे किसानों से वसूली करनी शुरू करदी; जब कि इनकम टैक्स और जागीर के सिलसिले में ऐसा नहीं किया गया। जिस सरकार का स्टे ऑर्डर के बारे में जिस प्रकार का अलग अलग नजरिया है वह हमारी समझ में नहीं आता। मैं चीफ मिनिस्टर से, जिन्होंने कहा था कि लोग सरकार की बहुतसी बातें करते है, कहूंगा कि वे इस बात का जवाब दें कि सरकार का इस प्रकार का नजरिया क्यों है। इसके अलावा जब किसान सभा के प्रतिनिधि मन्त्री महोदय से मिलने के लिये गये और उन्होंने उनसे कहा कि जब आपने हमारा मामला हाई कोर्ट के सुपुर्द कर दिया है तो फिर हम लोगों से क्यों वसूली की जाती है जब हाई कोर्ट ने स्टे आर्डर दे दिया है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित मन्त्रीजी ने दूसरे दिन उत्तर देने का किसानों के प्रतिनिधियों से कहा। फिर न मालूम क्या हुआ कि दूसरे दिन साफ इनकार कर दिया कि हम वसूली नहीं रोकेंगे। मेरे कहने का मतलब यह है कि यह खर्च जो बढ़ रहा है और बढ़ा है, वह विशेष गैर वाजिब दृष्टिकोण से बढ़ा है।

[श्री एच. के. व्यास]

इस सप्लीमेन्टरी ग्रान्ट को मंजूर कराने का दूसरा कारण यह है कि सरकार को कुछ उम्मीद थी कि खर्च कम होगा और वसूली ज्यादा होगी। मगर ऐसा हुआ नहीं। न तो खर्च कम हुआ और न वसूली पूरी हुई। ८ लाख रुपयों की वसूली होनी थी मगर वह नहीं हुई। क्यों नहीं हुई? मैं यह कहूंगा कि वसूली इसलिये नहीं हुई कि जैसे ही हाईकोर्ट केसेज को आगे बढ़ाने को तैयार होती कि सरकारी वकील उनके लिये मोहलत ले लेता। इसलिये वसूली नहीं हो सकी और खर्चा होता रहा। लेन्ड रेवेन्यू और सेटलमेन्ट में भी सेविंग कम हुई। वह इसलिये हुई कि सरकार ने सेटलमेन्ट के कानूनों को ताक में रख कर काम किया और जो खर्च पहले सरकार को करने चाहिये थे, नहीं किये। सरकार का कोस्ट कटिंग एक्सपेरिमेन्ट करने चाहिये थे, वे नहीं किये। जब आप जरूरी काम, जो आपको करने चाहिये, नहीं करेंगे तो कमी होगी ही। यह कमी इसलिये की गई कि सरकार से ज्यादा मांग करने की आवश्यकता न पड़े। मगर जो कमी की गई वह, उनसे कई अर्से के लगान लेने बाकी हैं, सरकार का खर्चा भी ज्यादा लगा है, वाजिब नहीं था। इससे किसानों पर बोझ बढ़ा है। और सरकार की आमदनी भी कम हुई है और अपव्यय दूसरे कारणों की वजह से भी हुआ है। इन सब कारणों से मैं कट मोशन पेश करके निवेदन करता हूं और उम्मीद करता हूं कि सम्बंधित मंत्री इस बात का जवाब देने की कोशिश करेंगे।

श्री मानसिंह--I withdraw, my cut-motion, Sir.

श्री भैरूंसिंह (दा. रा.)--माननीय उपाध्यक्ष, इस डिमान्ड पर मेरा कट मोशन इस प्रकार है :--That the Demand for supplementary Grant in respect of 7- Land Revenue be reduced by Rs. 100/- (to discuss the failure of the Government to materialise the anticipated savings and non-realise from Jagirdars the cost of survey works done in Jagir areas and increasing unnecessary expenditure on expansion of Jagir Commissioner's Office.

माननीय उपाध्यक्ष,, जिस समय भारत सरकार ने आम चुनावों की घोषणा की थी उस समय राजस्थान सरकार ने यह सोचा था कि आपस में दलबन्दी के कारण यह सरकार काफी मजबूत नहीं हुई है इसलिये सरकार ने अपनी पार्टी के सदस्यों को इलेक्शन में जिताने के लिये यह सोचा कि इलेक्शन शुरू होने से पहले जागीरदारी दल समाप्त किया जाए। इसलिये कांग्रेस ने सब से पहले जनता को जागीरदारी प्रथा को समाप्त करने का आश्वासन दिया और अपने इस कार्यकाल में समाप्त करने में मजबूर रहे। उन्होंने यह सोचा कि जब तक इस प्रथा को समाप्त नहीं किया जावेगा तब तक जनता अपने आश्वासनों का कोई मूल्य नहीं समझेगी और यह समझेगी कि सरकार झूठे वादे करती है। इस आशय को लेकर उन्होंने जागीर एबोलिशन एण्ड लेंड रिजम्पशन एक्ट बनाया और यह एक्ट बनाया उस समय यही सोचा था कि जागीरी प्रथा जल्दी ही समाप्त हो जावेगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। राजस्थान के जागीरदारों ने कानूनी माहिरों से सलाह मशविरा किया और चूंकि वह एक्ट जल्दी में बनाया था उसमें कानूनी त्रुटियां रह गई थीं, अतः जो जागीरदार इससे प्रभावित होने वाले थे उन्होंने हाई कोर्ट में इस कानून को चेलेंज किया।

Page No.73

[भैरूंसिंह(वां.रा.)]

हाईकोर्ट में उस ऑर्डर को चेलेन्ज करने के बाद हाईकोर्ट से उसके लिये स्टे ऑर्डर ओबटेन कर लिया और आज वह एक्ट योंही पड़ा हुआ है। जब सरकार ने यह देखा कि वह जागीरदारी था को कानून के जरिये से समाप्त नहीं कर सकती और हो सकता है कि हाईकोर्ट का फैसला भी इस ऑर्डर को अवैध करने का हो जाय इसलिये ऐसा ऑर्डर निकाला जाय कि जिससे जनता समझे कि जागीरदारी प्रथा समाप्त की जा रही है और उस ऑर्डर के जरिये यह जागीर कमिश्नर का महकमा खोला गया और एक नोटिस दिया गया, उसका असर जो छोटे छोटे भोमिये और गरीब राजपूत हैं, उन्हीं पर हुआ है। छोटे छोटे जागीरदारों से १/८ रेन्ट लिया जाने वाला है।

आज राजस्थान में शिक्षा की कमी के कारण राजपूत समाज में, जिसमें जागीरदारी प्रथा प्रचलित है उनके पास नोटिस गया तो उन्होंने देखा कि सरकार एक तरफ तो यह हुक्म देती है कि ५ हजार से नीचे की आमदनी वाली जागीरों को नहीं छेड़ेगी और दूसरी ओर यह नोटिस देती है कि १/८ रेन्ट लिया जायगा। तो इसको देखकर गरीब राजपूत, जो अनपढ़ हैं वकीलों के चुंगल में फंस गये हैं और किसी वकील को १००) रुपये किसी को १०) रुपये इस नोटिस की जानकारी के बारे में देते हैं। इस नोटिस से सरकार की पहली मंशा जागीरों को खत्म करने की थी वह तो पूरी नहीं हुई लेकिन सरकार की जो दूसरी मंशा भोमियों को परेशान करने की है वह पूरी हो रही है।

इस मद पर जो रुपया खर्च किया गया है वह फालतू है। इसलिये मैं सदन से निवेदन करना चाहता हूं कि इस डिमान्ड को पास नहीं किया जावे। सर्वे, सेटलमेन्ट के रेकार्ड को मैंने देखा है। मेरे गांव में पैमायश हुई है उसको मैंने देखा है, उसका मुझे तजुर्बा है। जिस प्रोसेस से सेटलमेन्ट और सर्वे होने चाहिये थे उस प्रोसेस से सेटलमेन्ट और सर्वे नहीं हो रहे हैं। तहसीलदार और एस. डी. एम. के पास जागीरदार जाते हैं और इस एक्ट के माफिक वे उनको कन्विन्स कर देते हैं कि जितनी कार्यवाहियें हुई हैं वे सब गैरकानूनी हैं, कानून के विरुद्ध हैं, और कन्विन्स्ड होकर तहसीलदार और एस. डी. एम. ने कलेक्टर वगैरह मान जाते हैं कि जो कुछ सेटलमेन्ट या सर्वे का काम हो रहा है वह अनुचित और कानून के विरुद्ध हो रहा है।

इसलिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जागीरदारों से जो खर्चा वसूल किया जाने को है वह बिल्कुल नहीं होगा क्योंकि सेटलमेन्ट की कार्यवाहियां गैर कानूनी हैं, अनुचित है। इसके बारे में कोई साहब अगर बातचीत करना चाहें तो मैं कन्विन्स करने को तैयार हूं कि यह रकम वसूल होने वाली नहीं है। यदि इसके लिये ज्यादा मजबूर किया गया तो हाईकोर्ट से स्टे ऑर्डर हासिल किया जायगा।

इसलिये मैं सदन से निवेदन करूंगा कि मेरे कट मोशन को मन्जूर किया जाय और इस डिमान्ड को मन्जूर नहीं किया जाय।

श्री अध्यक्ष—The Question before the House is..........

श्री एम. के. व्यास—Reply, Sir.

श्री उपाध्यक्ष—Sorry.

श्री नाथूराम मिर्धा—अध्यक्ष महोदय, अभी जो जागीर कमिश्नर के दफ्तर के बारे में और सेटलमेन्ट के खर्चे के बारे में २ कटौती के प्रस्ताव दो सदस्यों ने रखे उनके संबंध में मैं जवाब देने से पहले सदन के सामने यह बताना चाहता हूं कि एक लाख १९०००) रु० की यह रकम मांगने की क्यों जरूरत पेश हुई। १०४ लाख करीब सेटलमेन्ट का कुल खर्चा इस साल हुआ और पहले वोटिंग हुआ तब इस डिमान्ड में ९८.३ लाख रुपया मंजूर हुआ है। उसमें कुछ रुपया हम बजट से उपलब्ध हो जायगा और सिर्फ १९०००) रुपये का ज्यादा खर्चा इस महकमें पर खर्च आयेगा, इसलिये यह डिमान्ड रखी है।

इस पर दो कटौती के प्रस्ताव दो सदस्यों ने रखे हैं और दोनों ने अलग अलग दृष्टिकोण रखे हैं एक सदस्य ने कहा है कि जितना जल्दी यह काम होना चाहिये था उतना जल्दी नहीं किया गया इसलिये यह डिमान्ड मंजूर नहीं की जानी चाहिये और दूसरे सदस्य का यह कहना है कि अभी इस काम को take up करने की जरूरत नहीं है, जागीर कमिश्नर का महकमा कायम करने की अभी कोई जरूरत ही नहीं है। एक दूसरे के दृष्टिकोण का जवाब उन दोनों ने आपस में ही दे दिया है।

सरकार को यह रास्ता निकालना है और यह सरकार की बिल्कुल घोषित नीति है कि ५ हजार से ऊपर की जागीरें हैं उनको जागीर रिजम्पशन कानून के माफिक लेना है और इसके लिये जितना दफ्तर और कार्यवाहियां चालू करना लाजमी है वह किया जायगा, इसलिये इस दफ्तर को चालू किया गया। इसके बाद यह भी कहा गया कि हाईकोर्ट में जो मुकदमा चल रहा है उसमें सरकार की ओर से देरी की जा रही है और पेशियां आगे ली जा रही हैं। मैं सदन के सामने निवेदन करना चाहता हूं कि राजस्थान सरकार की ओर से जान बूझ कर कोई देरी नहीं की जा रही है।

श्री एच. के. व्यास—On a point of information, Sir, in the month of January, the Rajasthan Government's Law advocates agreed to the adjournment of the case in Jodhpur.

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मंत्री)—That was due to the fact that the Rajasthan Government agreed to a formal compromise if it was possible and they would try for it without spending a lot of public money in litigation.

श्री नाथूराम मिर्धा—इसलिये मैं सदन को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि अब इसमें सरकार किसी तरह से जान बूझ कर देरी करने की कोशिश नहीं करेगी और इस काम को जितना जल्दी हो सकेगा किया जायगा।

श्री हरिकृष्ण व्यास—अब तक जो देरी हुई उसके बारे में आपका क्या कहना है ?

श्री नाथूराम मिर्धा—मैंने आपसे जैसा कि पहले कहा था, कि जानबूझ कर कोई देरी न पहले की गई थी और न आगे की जायगी। माननीय सदस्यों में से एक ने कहा कि सेटलमेन्ट के चार्जेज ज्यादा

Page No.75

[श्री नाथूराम मिर्धा]

है और दूसरे ने कहा कि ये जल्दी वसूल होने चाहिये। ये दोनों बातें एक दूसरे से विरोध करती हैं। कुछ भी हो सेटलमेन्ट चार्जेज वसूल जल्दी किये जायेंगे। जागीरदारों की ओर से कहा गया था कि २५०) रुपया प्रति वर्ग मील ज्यादा है। यह ज्यादा है या कम, यह सवाल सरकार के सामने विचाराधीन था लेकिन उस पर निर्णय किया जाकर वसूली जल्दी की जायगी। सरकार इस बारे में पूरी उत्सुक है यह बात सदन को शीघ्र ही मालूम हो जायगी। बजट के आंकड़ों में लेन्ड रेवेन्यु की ज्यादा आमदनी रखी गई है। इससे आपको मालूम होगा कि सरकार एरियर्स को जल्दी से जल्दी वसूल करने की फिक्र में है। सदन के सामने दो दृष्टिकोण आये हैं उनमें से जो सही दृष्टिकोण है उसी को लेकर सरकार आगे चलना चाहती है मैं आशा करता हूं कि सदन इस ग्रान्ट को मंजूर करेगा।

श्री मानसिंह (जमुआ रामगढ़)—ओन ए पॉइन्ट ऑफ इन्फोर्मेशन, सर, क्या यह सही है कि जोधपुर के जागीरदारों ने सेटलमेन्ट के न्यायोचित होने को चेलेन्ज किया है और उनको स्टे ऑर्डर मिल चुका है ?

श्री उपाध्यक्ष—You have already withdrawn your cut-motion.

श्री मानसिंह—Yes, Sir.

श्री अध्यक्ष—Than table a question please.

(विराम)

The question is,

"That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,19,000 be granted to H. H. the Rajpramukh to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1953, in respect of Grant No. XLVI, Major Head 7, Land Revenue" be accepted.

(स्वीकृत)

The demand is accepted. next

ए-अनुदान संख्या ४७ (वन)

श्री अमृतलाल यादव—I beg to move:—

